उत्तरांचल शासन

वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

भाग–1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

वर्ष

2004–2005

प्रतिवेदकः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल, देहरादून।

विषय सूची

भाग–1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग)

(1) प्रशासनिक खण्ड

क0सं0	विवरण	कंडिका	पृष्ठ संख्या
1	विभागीय प्राधिकार के स्रोत	2.1 से 2.3	1–2
2	सम्परीक्षाधीन लेखे	3.1–3.2	2–3
3	सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1, 4.2	3 से 5
4	विभागीय आय–व्ययक	5.1 से 5.3	5
5	विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय	6.1–6.2	5–6
6	विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1 से 7.4	6–7
7	विभाग की जनशक्ति	8	7–8
8	स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य	9	8
9	सम्परीक्षा में उद्घाटित अनियमिततायें	10.1 (1)	8–9
10	विशेष सम्परीक्षायें	10.1 (2)	9
11	सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2 (1)(2)	10
12	जिला पंचायतें, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण	12	11
13	निष्कर्ष	13	11
(2)	**कार्यकारी खण्ड**		12 से 55
(3)	**परिशिष्ट क, ख, ग, घ, च एवं छ**		56 से 71

भाग–2

(सहकारी समितियां एवं पंचायतें)

(1)–प्रशासनिक खण्ड

क्रम संख्या	कण्डिका	पृष्ठसंख्या
1–विभागीय प्रधिकार के स्रोत	2.1	2
2–सम्प्रेक्षाधीन लेखे	3,1–3.2	3
3–सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1–4.2	3–4
4–प्रभागीय आय–व्ययक	5.1 से 5.3	4
5–विभागीय आय एंव व्यय का समन्वय	6.1 से 6.2	5
6–विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1–7.3	5
7–प्रभाग की जनशक्ति	8	5 – 6
8–सहकारी एंव पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2004–05 में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य	9	6
9–सम्परीक्षा में उद्धघाटित अनियमिततायें	10.1.1	6
10 –विशेष सम्परीक्षाऐं	10.1.2	6 – 7
11–सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1 से 2.2	7
12–निष्कर्ष	11	7
(2)–कार्यकारी खण्ड–		8–31
(3) परिशिष्ट,क,ख,ग,घ व अन्य	–	32–44

1— प्रशासनिक खण्ड

निदेशक कोषागार एवं वित्त सेवायें, सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग का प्रथम वार्षिक लेखा–परीक्षा प्रतिवेदन स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम–1984 की धारा 8 (3) के अधीन उत्तरॉचल राज्य के गठन के उपरान्त विधान सभा के पटल पर वर्ष 2001–02 का रखा गया। तदुपरान्त वर्ष 2002–03 तथा वर्ष 2003–04 के प्रतिवेदन भी विधान सभा के पटल पर प्रति वर्ष रखे जा चुके हैं।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा–8(3) के अधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा पूर्ववर्ती राज्य के विधानो के अनुसार नवसृजित राज्य में भी इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्पादित की जा रही है।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2004–2005 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान मण्डल में रखने हेतु प्रस्तुत है।

2– विभागीय प्राधिकार के स्रोत :–

2.1 प्रदेशान्तर्गत अवस्थित स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं के संगत नियमों एवं तद्धीन निर्मित नियमावलियों एवं परिनियमावलियों आदि में यथा स्थान शासन द्वारा इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उक्त संस्थाओं की निधियॉ "स्थानीय निंधि" (लोकल फण्ड) के नाम से जानी जायेगी और उनके लेखाओं की लेखा परीक्षा निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जायेगी। संहत रूप से सभी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की लेखा परीक्षा अनिवार्य रूप से इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा किये जाने की दृष्टि से वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के पैरा 369 "के" में यह प्राविधान किया गया है कि निदेशक द्वारा राज्य सरकार से अनुदान पाने वाले

सभी स्थानीय निकायों/संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा करके अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित एक प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर निर्गत किया जायेगा।

इस नियम में यह भी व्यवस्था है कि भारत सरकार की ओर से इन स्थानीय निकायों/संस्थाओं के कार्य कलाप पर दृष्टि रखने के लिए निदेशक द्वारा वर्षान्त में संहत रूप से वर्षान्तर्गत स्वीकृत अनुदान के उपभोग की स्थिति से महालेखाकार को सूचित किया जायेगा, जिससे शासन द्वारा प्रदेश के लोक लेखा निधि से स्वीकृत किये गये अनुदानों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट हो सके कि सम्बन्धित निकायों/संस्थाओं द्वारा इन अनुदानों का उपभोग उन्ही प्रयोजनों के निमित्त किया गया है अथवा नहीं, जिनके लिए वे स्वीकृत किये गये थे तथा उन संगत नियमों का पालन किया गया है अथवा नही, जिनके अन्तर्गत उन्हें उक्त धनराशियों का उपभोग करना था।

2.2 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 (उत्तर प्रदेश के अधिनियम संख्या–12 सन् 1984) जो कि दिनांक 30 अप्रैल, 1984 से प्रवृत्त हुआ, की धारा–4(2) के अन्तर्गत विधान मण्डल ने इस विभाग को यह शक्ति भी प्रदान की है कि ऐसे स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की परीक्षा पूर्णतया ऐसे किसी अधिनियम में जिसके द्वारा या अधीन स्थानीय प्राधिकारी का गठन किया गया है, उसके अधीन बनाये गये किसी नियम में किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के दौरान या अधीन उपबन्धित रीति से की जायेगी।

2.3 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 में प्रादेशिक विधान मण्डल द्वारा उपर्युक्त स्पष्ट आदेश पारित करने के उपरान्त अब स्थिति यह है कि प्रदेशान्तर्गत स्थित सभी स्थानीय निकायों एवं अनुदानित संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा अनिवार्यतः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जानी है।

3– सम्परीक्षाधीन लेखे –

3.1 वर्ष 2004–05 में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं की संख्या 1325 थी। उप सम्परीक्षाधीन 1309 संस्थाओं के विवरण संलग्न *परिशिष्ट 'क'* में दिये

गये हैं। शेष सम्वर्ती सम्परीक्षा एवं शत प्रतिशत लेखा परीक्षा किये जाने वाली 16 संस्थाओं की सूची *परिशिष्ट "क–1" व "क–2"* के रूप में संलग्न है।

3.2 – सम्परीक्षाधीन प्रमुख स्थानीय निकायों तथा संस्थाओं के संगत अधिनियमों आदि जिसके आधार पर सम्परीक्षा की गयी है, की सूची *परिशिष्ट 'ख''* में दी गयी है।

4– सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य –

4.1 – शासन द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग को प्रदेश की स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं को स्वीकृत किये गये वित्तीय अनुदानों एवं ऋणों आदि का उपभोग सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सकल आय एवं व्यय की सम्परीक्षा का दायित्व दिया गया है जिससे सम्परीक्षा के माध्यम से शासन एवं विधान मण्डल को यह ज्ञात होता रहे कि इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नही। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वित्तीय अनुशासन से जुडे सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरूतर दायित्व भी हो जाता है।

4.2–स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग के कार्यकलाप निम्नवत् हैं:–

1– सम्परीक्षाधीन स्थानीय निकायों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगमित एवं अनिगमित निकायों, विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य शासकीय/अशासकीय संगठनों आदि के विविध लेखों की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं तथा शासन को सूचित करना।

2– उपर्युक्त संस्थाओं का वित्तीय मार्ग दर्शन करना।

3– उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।

4– सम्परीक्षा के उपरान्त यथा आवश्यक अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित उपभोग प्रमाण पत्र निर्गत करना।

5– नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जल संस्थानों, जिला पंचायतों, बद्रीनाथ– केदारनाथ मन्दिर समिति के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को देय पेन्शन एवं उपादान की पुष्टि एवं संस्तुति करना।

6– महा लेखाकार को उपर्युक्त संस्थाओं को स्वीकृत अनुदानों के उपभोग के सम्बन्ध में संहत आख्या प्रस्तुत करना।

7– नगर पालिका परिषदों, जिला पंचायतों, नगर निगम, विकास प्राधिकरणों एवं जल संस्थानों के लेखाकार पद हेतु अर्हकारी लेखाकार परीक्षा का आयोजन करना।

8– विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।

9– सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिए उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।

10– स्थानीय निकाय के लेखा कर्मियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना।

11– विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठियॉ आयोजित करना।

12– धर्मादा सन्दान न्यासों के निधियों को विनियोजित करने तथा उन पर प्राप्त ब्याज को प्रादेशिक एवं भारत सरकार के न्यासों को संवितरण करना।

13– विभागीय कार्यकलापों सहित संहत वार्षिक प्रतिवेदन विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना।

14– सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।

15– सम्परीक्षाधीन स्थानीय प्राधिकारियों के अधिनियम एवं परिनियमो के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।

16– उपर्युक्त स्थानीय निकायों/संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।

17– शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यो पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।

5– प्रभागीय आय–व्ययक :–

5.1 यद्यपि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा स्थानीय निकायों/स्वायतशासी संस्थाओं व अन्य निगमित एवं अनिगमित संस्थाओं आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के अधीन है और इस प्रभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सरकारी सेवक हैं। इस बात का उल्लेख यहॉ विशेषतया इस प्रयोजन से किया जा रहा है कि सम्परीक्षाधीन संस्थाओं द्वारा कभी–कभी इस प्रकार की शंकाऐ व्यक्त की जाती है कि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग भी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की तरह अशासकीय तो नही है।

5.2 – इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियॉ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक आय–व्ययक के माध्यम से राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है।

5.3 – लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाता है जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है।वर्तमान में निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें (परिशिष्ट 'ग') उत्तरांचल राज्य में भी लागू है।

6– विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :– वित्तीय वर्ष 2004–2005 में विभागीय व्यय एवं इस वर्ष में आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है:–

क0सं0	वित्तीय वर्ष	व्यय (रूपये)	आरोपित सम्प0 शुल्क(रू0)
1–	2004–2005	86,16,375	1,35,37,172

6.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति (सर्विस नेचर) के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नहीं की जा सकती है।

7.1– विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था :–

उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के शा0 संख्या–5058/वि0शा0स0/2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा सम्परीक्षा का कार्य निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के नियन्त्रणाधीन एक प्रभाग के रूप में अन्तर्निहित है जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यतः द्वि–स्तरीय हैः–

(1) मुख्यालय स्तरीय।

(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची *परिशिष्ट "घ"* में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त संवर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है। सम्वर्ती कार्यालयों की सूची *परिशिष्ट "घ–1"* में दी गई है।

7.2(1)–मुख्यालय स्तरः–स्थानीय निधि लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है जो निदेशालय, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिट नाम से जाना जाता है। इसके विभागाध्यक्ष निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल हैं जिन्हे अपने कार्यो के साथ–साथ पदेन रूप से कोषाध्यक्ष धर्मादा संदान उत्तरांचल तथा भारतीय धर्मादा संदान के उत्तरांचल वृत के कार्यो का भी सम्पादन करना पड़ता है।

7.2(2)– मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रूप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर–8 में दिया गया है। वर्तमान में जनपदों की प्रमुख बड़ी संस्थाओं जैसेः– नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, विकास प्राधिकरणों, मन्दिर समितियों, इन्जीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, इन निकायों के सेवा निवृत

कर्मचारियों के पेंशन एवं आनुतोषिक के सत्यापन एवं पुष्टीकरण का कार्य मुख्यालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

7.3– जनपद स्तरीय :– लेखा परीक्षाधीन ईकाइयॉ राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित हैं। विभाग के लेखा परीक्षक सभी जनपदों में नियुक्त कर दिये जाते हैं जो सम्बन्धित जनपद में स्थित लेखा परीक्षाधीन ईकाइयों की लेखा परीक्षा करते रहते हैं। उनके कार्यो पर स्थानीय नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु जनपद स्तर पर जिला सम्परीक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थापित है। प्रदेश के 13 जिलों में अब तक 09 जिलों में जिला सम्परीक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित हैं। शेष जनपदों में अभी तक जनपदीय कार्यालय नही खोले जा सके हैं। अतः निकटवर्ती जिला सम्परीक्षा अधिकारी द्वारा ही उन जनपदों के कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।

7.4 राज्य स्तरीय :– शासनादेश सं0 वि0 अनु0–1/2003 दिनांक 03 सितम्बर, 2003 द्वारा उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद हल्द्वानी एवं वन विकास निगम नरेन्द्र नगर में सम्परीक्षा अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किय गये हैं।

8– विभाग की जनशक्ति :– वर्ष 2004–05 के अन्त में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है।

क्र0 स0	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत संख्या	कार्यरत कर्मियों का प्रतिशत
1	समूह''क''	02	01	50 प्रतिशत
2	समूह''ख''	16	05	31 प्रतिशत
3	समूह ''ग''			
	(1) वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड–।	05}	02}	
	(2) वरिष्ठ लेखा परीक्षक	85}	23}	}22.5
	(3) लेखा परीक्षक	30}	02}	प्रतिशत
	(4) आशुलिपिक	03	शून्य	शून्य
	(5) प्रवर सहायक/कनिष्ठ सहायक	40	18	45 प्रतिशत
	(6) वाहन चालक	03	01	33 प्रतिशत

4	समूह "घ"	61	09	15 प्रतिशत
योग		**245**	**61**	**24.9 प्रतिशत**

9–स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य:– वर्ष 2004–2005 में अधिकांश पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन 1325 लेखाओं में से 204 लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण की गई। शेष 1121 लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित नही करायी जा सकी।

10.1(1) सम्परीक्षा में उद्घाटित अनियमिततायें :–

(क) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2004–2005 तक में सम्परीक्षित लेखाओं में उद्घाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रू0 3,97,36,821 की धनराशि अन्तर्निहित थी जिसका संस्थावार/शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है:–

शीर्षकवार

कमांक	शीर्षक	धनराशि (रूपये में)
1	व्यपहरण	30,917
2	अधिक/ अनियमित भुगतान	91,51,304
3	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितताऐं	18,29,509
4	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितताऐं	67,78,602
5	आर्थिक क्षति	99,23,400
6	राजस्व क्षति	12,87,100
7	दुर्विनियोग	5,200
8	विविध अनियमिततायें/अनानुमोदित व्यय	1,07,30,789
योग		**3,97,36,821**

संस्थावार

क0 सं0	लेखे का नाम	अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशि (रूपये)
1	नगर पालिका परिषदें	2,79,92,200
2	नगर पंचायतें	17,78,417
3	कृषि उत्पादन मण्डी समिति	16,61,733
4	इण्टर कालेज	86,406
5	राष्ट्रीय सेवा योजना (मा0शिक्षा नैनीताल)	23,141
6	विकास प्राधिकरण	16,260
7	बे0शिक्षा समितियाँ	4,31,580
8	उत्तराचंल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद	54,31,123
9	इन्जीनियरिंग कालेज	22,67,035
10	ग्राम वन समितियॉ	48,926
योग		**3,97,36,821**

(ख) 31 मार्च, 2005 तक प्रदेश में स्थित सम्परीक्षाधीन संस्थाओं पर पूर्व वर्षों से अवशेष आपत्तियॉ 72991 थी जिनका विवरण परिषिष्ट "च" में दिया गया है।

10.1(2) विशेष सम्परीक्षाऐं :– प्रभाग के सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति से सम्बन्धित की विशेष जांच संस्था अथवा जिलाधिकारी या आयुक्त के अनुरोध पर शासन की स्वीकृति से सम्पादित की जाती है। वर्ष 2004–2005 में प्रेम महाविद्यालय सभा गुरूकुल नारसन हरिद्वार की विशेष सम्परीक्षा प्रारम्भ की गयी।

10.2(1) सम्परीक्षा शुल्क की स्थितिः– वर्ष 2004–2005 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :–

	(रूपयों में)
01 अप्रेल, 2004 को प्रारम्भिक शेष	4,92,78,869
वर्ष में स्थापित मांग	1,35,37,172
योग	**6,28,16,041**
वर्ष में समाहरण	1,60,89,086
31 मार्च, 2005 को बकाया	**4,67,26,955**

10.2(2) उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा आरोपित लेखा परीक्षा शुल्क की वसूली करने का पूरा प्रयास किया गया। इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक करोड़ साठ लाख नवासी हजार छियासी रूपये की वसूली हुई है जिसमें गत वर्ष का बकाया भी सम्मिलित है किन्तु यह वसूली कुल बकाया धनराशि की तुलना में संतोषजनक नही रही। इसका प्रमुख कारण वर्तमान में सम्परीक्षा शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में विभाग को विशेष अधिकार प्राप्त न होना है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम –1984 की धारा –4(4) के अधीन केवल शासन को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सम्बन्धित स्थानीय निधि/संस्थाओं के बैंकर्स को सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से यह आदेश दे सकते हैं कि उनके बैंक खातों से सम्परीक्षा शुल्क की धनराशि राजकीय कोषागार के निर्दिष्ट लेखा शीर्षक में अन्तरित कर दे। इस सम्बन्ध में उत्तरांचल स्थानीय निधि/निकाय लेखा परीक्षा नियमावली, 2001 का प्रख्यापन अपेक्षित है ताकि शुल्क वसूली हेतु नियमावली के प्राविधानों के अधीन रहते हुए विभाग स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

11.1– उत्तर प्रदेश की अधिसूचना द्वारा उत्तरांचल की भौगोलिक सीमा में स्थित धर्मादा सन्दान के लेखाभिलेख धनराशि सहित हस्तान्तरण के आदेश हो चुके हैं, जिसके क्रम में लेखाभिलेख इस राज्य को प्राप्त हो चुके हैं और कतिपय सन्दानों की प्रतिभूतियॉ अभी पूववर्ती राज्य द्वारा दी जानी शेष हैं। इस राज्य में स्थित धर्मादा सन्दानों के सम्बन्ध में कोषपाल की नियुक्ति की जा चुकी है और इनके

अभिलेख अद्यावधिक रखे जाने हेतु निदेशालय में एक प्रकोष्ठ का गठन भी कर दिया गया है।

12 – जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेन्शन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारणः– वर्ष 2004–05 में पेन्शन प्रकरणों की प्राप्ति एवं उनके निस्तारण की स्थिति निम्नवत् थी :–

वर्ष के प्रारम्भ में शेष	वर्ष में प्राप्त	वर्ष में निस्तारित	अवशेष
28	279	269	38

13– निष्कर्ष :– उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न *परिशिष्ट "क" "क–1" तथा "क–2"* से स्पष्ट है कि इस प्रभाग को वर्ष 2004–05 में 1325 लेखाओं की लेखा परीक्षा सम्पादित करनी थी। स्टाफ की कमी के कारण सम्परीक्षा शुल्क देने वाली स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सम्परीक्षा को वरीयता देते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निश्चित करते हुए अधिकांश संस्थाओं (204 लेखाओं) की लेखा परीक्षा समाप्त करायी गयी।

आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं के लेखाओं से सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित रू0 3,97,36,821 की वित्तीय अनियमितताऐं प्रकाश में आयी जिनमें व्यपहरण, दुर्विनियोग, अधिक एंव अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति, राजस्व की हॉनि आदि प्रकरण समाविष्ट हैं।

(यशपाल सिंह)
निदेशक।

2— कार्यकारी *खण्ड*

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तरांचल

(वर्ष 2004–2005)

वर्ष 2004–05 में जिन संस्थाओं की सम्परीक्षा सम्पादित की गयी, उनमें उद्घाटित वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण अनुवर्ती पृष्ठों तथा सम्बन्धित संस्थाओं के खण्ड में दिये जा रहे हैं।

इन वित्तीय अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशियों के संस्थावार विवरण निम्न प्रकार हैं :–

क्र0 सं0	लेखे की श्रेणी	अनियमितता में अन्तर्निहित धनराशि (रूपये)
1	नगर पालिका परिषदें	2,79,92,200
2	नगर पंचायतें	17,78,417
3	कृषि उत्पादन मण्डी समितियाँ	16,61,733
4	इण्टर कालेज/अन्य शिक्षण संस्थायें	86,406
5	राष्ट्रीय सेवा योजना	23,141
6	विकास प्राधिकरण	16,260
7	बेसिक शिक्षा समिति	4,31,580
8	उत्तरॉचल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद	54,31,123
9	इन्जीनियरिंग कालेज	22,67,035
10	वन समितियॉ	48,926
योग		**3,97,36,821**

विस्तृत विवरण परिषिष्ट "छ" में दिया गया है।

वर्ष 2004–2005 में सम्पन्न सम्परीक्षाऐं

नगर पालिका परिषदें

1– नगर पालिका परिषद गोपेश्वर (जिला चमोली) 2002–2003 :–

(क) आर्थिक क्षति :–

1– पालिका क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत व्यवसायियों का लाइसेन्स नवीनीकरण नही कराये जाने से पालिका को रू0 69,400=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6(क)

2– यात्री रैन वसेरा में यात्रियों से निर्धारित दर से कम दर पर किराये की वसूली की गई थी। इससे पालिका को रू0 5,400=00 किराये के रूप में कम प्राप्त हुए थे।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6(ग)

(ख) व्यपहरण :– रसीद संख्या 31713/17 दिनांक 13.6.2002 द्वारा प्राप्त की गई धनराशि रू0 1,000=00 पालिका निधि में जमा नहीं करने के कारण व्यपहरण किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–6(ख)

2– नगर पालिका परिषद ऋषिकेश (जिला देहरादून) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतानः–शासनादेश संख्या 1161/28–4–2000–02 (14)/91 दिनांक 31 मई, 2000 में निर्धारित शर्तों का पालन न करने के कारण ऋषिकेश में अनुमन्य पर्वतीय भत्ते की तुलना में उच्चतर दर से पर्वतीय भत्ते का पालिका कर्मचारियों को रू0 7,645=00 अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4

(ख) आर्थिक क्षति :–निर्माण कार्यो के अनुबन्धों में निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं किये जाने पर विलम्ब हेतु 05 प्रतिशत प्रतिदिन अर्थदण्ड की

वसूली नहीं करने के कारण पालिका को रू0 3,42,469=00 की आर्थिक क्षति हुई।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(3)(3)

(ग) राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें :– पालिका कर्मचारियों को वाहन भत्ता, धुलाई भत्ता, झाड़ू भत्ता आदि का भुगतान रू0 1,24,752/– पालिका की निजी आय (बोर्ड फण्ड) के स्थान पर राजकीय अनुदानों से करने के कारण अनुदान की शर्तो का विचलन था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(5)

3– नगर पालिका परिषद विकासनगर (देहरादून) वर्ष 2003–04 :–

(क) आर्थिक क्षति :– निर्माण कार्यो से सम्बन्धित अनुबन्धों में निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नही किये जाने पर सम्बन्धित ठेकेदार से विलम्ब हेतु 05 प्रतिशत अर्थदण्ड की वसूली न करने के कारण रू0 12,500=00 की पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ख)

(ख) अधिक/अनियमित भुगतान :– (1) शा0सं0 4545/8–1–89–264स/77 दिनांक 17.5.1990 के प्राविधानों के विपरीत आवास उपलब्ध कराये जाने पर भी मकान किराया भत्ता दिये जाने से अधिशासी अधिकारी को रू0 1,700=00 एवं अवर अभियन्ता को रू0 1,350=00 कुल रू0 3,050=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4(क)

(2) माह मार्च, 2003 तक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विकासनगर को रू0 350=00 प्रति माह की दर से वाहन भत्ता कुल रू0 1,750=00 का भुगतान अपेक्षित प्रमाण पत्र के बिना किये जाने से नियमानुकूल नही था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ज)

4– नगर पालिका परिषद नरेन्द्र नगर (टिहरी) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– श्री सतेसिंह एवं श्री दर्शन लाल बिजल्वाण, लिपिक को एक कलैण्डर वर्ष में दो बार (मार्च, 97 तथा जुलाई, 97) उपार्जित अवकाश का नगदीकरण स्वीकृत किये जाने से रू0 4,010=00 एवं रू0 4,434=00 कुल रू0 8,444=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6

5– नगर पालिका परिषद मसूरी (देहरादून) वर्ष 2003–04 :–

(क) राजस्व क्षति :– सफाई कर्मचारियों के अनुबन्धों में स्टाम्प प्रपत्रों का प्रयोग नहीं किये जाने से रू0 42,600=00 राजस्व की क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ख)

(ख) अनियमित भुगतान :–(1) बिना किसी नियम अथवा शासनादेश के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, पर्यटन प्रभारी, कर अधीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अध्यक्ष के वाहन चालक को उपलब्ध कराये गये 07 मोबाइल फोनों के क्रय पर रू0 94,667=00 का अनियमित व्यय किया गया था जिसमें अध्यक्ष को दो मोबाइल सेट उपलब्ध कराये गये थे।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(च)

(2) अधिशासी अधिकारी के आवास पर टेलीफोन अटैन्डेण्ट के रूप में एक कर्मचारी रू0 2200=00 प्रतिमाह की दर से पद सृजन के बिना नियोजित कर रू0 26,400=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(छ)

(3) पालिका में स्वीकृत पदों पर दैनिक वेतन पर 71 सफाई कर्मचारी नियोजित थे। इसके बावजूद माह जून, 2003 में 19 सफाई कर्मचारी पालीथीन बीनने हेतु पृथक से नियोजित कर रू0 24,225=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(घ)

6– नगर पालिका परिषद उत्तरकाशी वर्ष 2003–04 :–

(क) अनियमित व्यय :– 1– अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एंव सदस्यों हेतु मितव्ययता सम्बन्धी शासनादेशों के प्रतिबन्धों के विपरीत 10 मोबाइल सैट क्रय कर रू0 64,816=00 तथा इनके काल बिलों पर रू0 12,068.00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(अ)(आ)

2– कर्मचारियों के अवकाश लेखे में अवकाश देय न होने पर भी अवकाश का उपभोग किये जाने के कारण श्रीमती बनारसी एवं श्री किशोरी को क्रमशः रू0 5,577=00 एवं रू0 2,390=00 अवकाश वेतन का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)

(ख) अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित अनियमिततायें :–राज्य वित्त आयोग से अनुदान स्वीकृति सम्बन्धी आदेशों के विपरीत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक रू0 1,05,380=00 का भुगतान शासकीय अनुदान से किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)(5)

7– नगर पालिका परिषद टिहरी वर्ष 2003–04 :–

(क) आर्थिक क्षतिः– (1) श्री सुन्दर सिंह सजबाण, सेवा निवृत्त कर्मचारी से उन्हें आवंटित आवास खाली नही कराने तथा किराया न लेने के कारण पालिका को रू0 13,000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ड.)(5)

(2) श्री शिवप्रसाद पुत्र श्री शम्भू प्रसाद, तहबाजारी ठेकेदार से दिनांक 01–10–2003 से 31–3–2004 तक की तहबाजारी के ठेके की धनराशि रू0 2,11,000=00 के सापेक्ष रू0 1,71,500=00 की वसूली करके

रू0 33,500=00 को माफ कर दिये जाने के उपरान्त रू0 6,000=00 की कम वसूली के कारण आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)(अ)

(3) श्री शिवप्रसाद पुत्र श्री शम्भू प्रसाद को तहबाजारी ठेके की धनराशि रू0 2,11,000=00 में से रू0 33,500=00 की धनराशि आन्दोलन के कारण फड़ बन्द होने का उल्लेख कर अनुबन्ध में बिना किसी प्राविधान के माफ कर दिये जाने से पालिका को रू0 33,500=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)(अ)

(4) प्रोजेक्शन किराया एवं प्रोजेक्शन शुल्क की माँग क्रमशः रू0 85,236=00 एवं 74,513=00 को पालिका की बैठक दिनांक 30.12.2003 में पारित प्रस्ताव द्वारा माफ कर दिये जाने तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन न लिये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी ।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(अ)(3)

(ख) राजकीय अनुदान का अनियमित उपयोग :– सीवर लाइन हेतु प्राप्त अनुदान की अप्रयुक्त धनराशि रू0 3,49,539=00 के सापेक्ष बैंक खाते में दिनांक 31.3.2004 को केवल रू0 62,615=00 इतिशेष थे। इस प्रकार रू0 2,86,924=00 निर्धारित प्रयोजन से भिन्न मदों पर प्रयुक्त किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ड.)(4)

8– नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित व्यय :– श्री भुवन चन्द्र लिपिक को त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण एवं समय पूर्व चयन वेतनमान स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप रू0 8,611=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)

9–नगर पालिका परिषद किच्छा (उधमसिंह नगर) वर्ष 2001–02 से 2003–04 :–

(क) राजस्व क्षति :– तहबाजारी, वाहन पार्किंग शुल्क आदि आय से सम्बन्धित ठेकों के अनुबन्धों में स्टाम्प प्रपत्र का प्रयोग नहीं किये जाने के कारण रू0 3,60,190=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –23

(ख) अधिक/अनियमित व्ययः– (1) परिवहन निगम के बस अड्डे के अन्दर यात्रा शेड के निर्माण पर रू0 1,73,575=00 का भुगतान किया गया था। रूपये 28,210=00 का भुगतान श्री अतीक अहमद, ठेकेदार को ठंडे पानी की मशीन लगाने के लिये किया गया था। परिवहन निगम के बस स्टैंड में यात्रा शेड का निर्माण व ठंडे पानी की मशीन लगाने का दायित्व परिवहन निगम का है न कि नगर पालिका है। अतः रू0 2,01,785=00 का भुगतान पालिका निधि से अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5

(2)– रेलवे की भूमि में अवैध रूप से खण्डन्जा निर्माण कर रू0 1,49,905=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6

(3)– रूद्रपुर रोड से वाईपास रोड तक सी0सी0 रोड निर्माण मे मैसर्स ओम कन्स्ट्रक्शन ठेकेदार को रू0 6,021=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –8

(4)– श्री इमैन बैल दर्शन, श्रीमती वीरा एवं सूरजमुखी, सफाई कर्मचारियों को वर्ष 2002–2003 में दण्ड दिये जाने के बावजूद उक्त वर्ष का बोनस रू0 9,868=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –17

(5)– कूडादानों के क्रय में निर्धारित क्रय प्रक्रिया का अनुशरण न किये जाने के कारण रू0 3,55,000=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(4)

(6) शा0सं0 1083/कार्मिक–2/2002 दिनांक 06.2.2003 के प्राविधानों के विपरीत संविदा पर कर्मचारियों का नियोजन किये जाने से रू0 3,03,325=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2

(ग) आर्थिक क्षतिः– पालिका द्वारा शासन की अनुमति लिये बिना जिप्सी (संख्या यू0पी0–02/8221) क्रय हेतु नैनीताल जिला सहकारी बैंक से रू0 1,13,000=00 का दिनांक 19.11.1990 को लिये गये ऋण पर दिनांक 31.3.2004 तक ब्याज आदि के रूप में रू0 2,35,033=67 का व्यय भार पड़ने से आर्थिक क्षति हुयी थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –26

(घ) अनानुमोदित व्यय :– पालिका द्वारा विभिन्न मदों में बजट प्राविधान से रू0 98,69,101=00 का अधिक व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1

10– नगर पालिका परिषद बाजपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2001–02 से 2002–03 :–

(क) अनानुमोदित व्ययः– बजट प्राविधानों के अतिरिक्त रू0 6,22,059=00 विभिन्न मदों में अधिक व्यय हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1

(ख) अधिक एवं अनियमित व्यय :– (1)– जनगणना एवं स्थानीय निकाय चुनाव कार्य हेतु पालिका निधि से रू0 34,743=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3

(2)– शासन के प्रतिबंध के वाबजूद पालिका कर्मचारियों को वर्ष 2002 में उपार्जित अवकाश के सेवा कालीन नगदीकरण पर रू0 23,927=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6

(ग) राजकीय अनुदानों का अनियमित उपयोग :– राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर प्राप्त अनुदान की धनराशि से रू0 16,33,371=00 निर्धारित प्रयोजन वेतन एवं विकास कार्यो से भिन्न मदों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक आदि पर व्यय किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2

(घ) राजस्व क्षति :– तहबाजारी हाट बाजार आदि के ठेकों से सम्बन्धित अनुबन्धों में निर्धारित स्टाम्प पत्रों से कम मूल्य के स्टाम्प पेपर प्रयुक्त किये जाने से रू0 1,37,600=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –12

11– नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ वर्ष 2002–03 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– शा0सं0 1164/28.4.02 दिनांक 31 मई, 2000 के प्राविधानों के विपरीत पालिका कर्मचारियों को अनुमन्य दरों से उच्चतर दरों पर सीमान्त भत्ते का भुगतान किये जाने से रू0 3,12,975=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1

(ख) आर्थिक क्षति :– अनुबन्धानुसार पालिका दुकानों के किरायादारों से ब्याज की वसूली नहीं किये जाने से रू0 7,248=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3

(ग) राजस्व क्षति :– सामग्री आपूर्ति कर्ताओं से आयकर रू0 3,225=22 की कटौती नहीं करने के कारण राजस्व की हॉनि हुयी थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2

(घ) व्यपहरण :– तहबाजारी की वसूल की गई धनराशि में से रू0 272=00 पालिका कोष में कम जमा करने के कारण व्यपहरण किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4

12– नगर पालिका परिषद टनकपुर (चम्पावत) वर्ष 2002–03 से 2003–04 :–

(क) आर्थिक क्षति :– (1) पालिका द्वारा दिनांक 16.7.1997 को नीलामी द्वारा किराये पर दी गयी दुकानों से किराया की माँग एवं वसूली नहीं किये जाने से रू0 63,200=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1

(2) अनुबन्धानुसार 08 दुकानों के किराये में 05 वर्ष उपरान्त 12.50 प्रतिशत की बृद्धि नहीं करने के कारण पालिका को रू0 30,705=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2

(3) दुकानों का किराया वसूल नहीं किये जाने से रू0 64,900=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(3)(6)(7)

(ख) अनुदानों की राशि का अनियमित उपभोगः–शासनादेश संख्या–2273/206–68/02–03 दिनांक 29.3.2003 द्वारा अम्बेदकर पार्क निर्माण हेतु प्राप्त अनुदान की राशि के सापेक्ष रू0 4,15,520=00 शासन की स्वीकृति के बिना अन्य प्रयोजनों पर व्यय किया जाना अनुदान का दुरूपयोग था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –10

13– नगर पालिका परिषद गदरपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2001–02 से 2003–04 :–

(क) अधिक एवं अनियमित व्ययः–पालिका के छः कर्मचारियों को बोनस का रू0 37,005=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –7

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें :– पद सृजन की तिथि से पूर्व की अवधि हेतु 07 कर्मचारियों को रू0 14,52,132=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –8

14– नगर पालिका परिषद रामनगर (नैनीताल) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक एवं अनियमित व्यय :– पालिका द्वारा नजूल भूमि फ्रीहोल्ड कराने हेतु आवेदन के साथ आवेदन शुल्क जमा कराने के उपरान्त उक्त भूमि को अन्य के नाम फ्रीहोल्ड करने हेतु अनापत्ति दिये जाने के कारण पालिका निधि से रू0 81,534=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2(क)

(2) मकान किराया भत्ता के रूप में रू0 4,650=00 अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2(ख)

(3) शासनादेश सं0 578/दस/स0नि0नि0–1/99 दिनांक 16.6.1999 के विपरीत शुभकामना सन्देशों के विज्ञापन पर रू0 5,500=00 अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2(ग)

(4) कर्मचारियों को बोनस रू0 61,675=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(क)

(ख) आर्थिक क्षति :– (1) कर्मचारी आवासों के किराये में शासनादेश संख्या–528/नौ–8–99–23 ज/99 दिनांक 24.9.1999 के अनुसार बृद्धि नहीं किये जाने से रू0 29,195=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ड.)

(2) लाइसेन्स कम बनाये जाने से रू0 29,430=00 की लाइसेन्स शुल्क कम प्राप्त होने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ख)

(ग) राजकीय अनुदान का विचलन :– शासनादेश संख्या–458/आपदा प्रबन्धन/2003 दिनांक 27.9.2003 के अनुसार अन्य मद में शासन से स्वीकृति प्राप्त होने पर दैवी आपदा मद में प्राप्त अनुदान से कार्य नहीं कराये जाने के प्रतिबंध के वाबजूद पर्वतीय धर्मशाला से पुराने कोटद्वार मार्ग तक मार्ग निर्माण हेतु रू0 7,15,985=00 अनियमित रूप से व्यय किये गये थे।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –9(क)

15– नगर पालिका परिषद सितारगंज (उधमसिंह नगर) वर्ष 2000–01 से 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतानः– (1) श्री फरहत उल्ला, सेवा निवृत्त अधिशासी अधिकारी को शासनादेश संख्या–2955/9–6–92–18 मिस/92 दिनांक 22.9.1992 के विपरीत उपार्जित अवकाश नगदीकरण का रू0 23,052=00 अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)

(2) श्री एल0एम0 दास, अधिशासी अधिकारी को त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप रू0 30,026=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)

(3) डा0 जसवन्त सिंह के घर से किच्छा खटीमा वाईपास मार्ग निर्माण कार्य में स्वीकृत निविदा से रू0 2,359=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(घ) (3)

(4) वीरेन्द्र लाल के घर से कान्ता प्रसाद के मकान तक सीमेन्ट रोड निर्माण में रू0 11,228=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(घ)(4)(।।)(।।।)

(ख) आर्थिक क्षति :–(1) विज्ञप्ति सं0 266/गजट/2002–03 दिनांक 03.01.2003 द्वारा तहबाजारी की दरें संशोधित लागू नही करने के कारणरू0 13,90,264=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर–1(ग)(दो)(2)

(2) विज्ञप्ति सं0 158/उपनियम/02–03 दिनांक 10.10.2002 द्वारा लाइसेंस शुल्क की संशोधित दरों से निर्गत न करने कारण पालिका को रू0 42,245=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ग)(दो)(3)

(ग) राजकीय अनुदानों के उपभोग सम्बन्धी अनियमिततायें :– वर्ष 1989 एवं 1991 के अप्रयुक्त विभिन्न अनुदानों के अवशेष रू0 22,66,684=00 को शासन की स्वीकृति के बिना वेतनादि पर व्यय किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(5)(2)

16– नगर पालिका परिषद जसपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04 :–

(क) अनानुमोदित व्यय :– स्वीकृत बजट प्राविधान से रू0 2,39,629=00 का अधिक व्यय हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ट)

(ख) अनुदानों का अनियमित उपभोग :– शासनादेश संख्या–177/ आपदा प्रबन्धन /2003 दिनांक 31.3.2003 द्वारा सड़कों एवं क्षतिग्रस्त नालियों के निर्माण हेतु प्राप्त अनुदान के सापेक्ष पुनरीक्षण कराये बिना 12 निर्माण कार्यो हेतु स्वीकृत आगणनों से रू0 11,77,071=00 अधिक धनराशि व्यय करना अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)

(ग) आर्थिक क्षति :– शोटैक्स कम वसूल किये जाने से रू0 17,310=00 की अर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ग)

(घ) अधिक एवं अनियमित भुगतान :– (1) श्री बी0एल0 आर्य, अधिशासी अधिकारी एवं श्री ईश्वर सिंह रौतेला, अवर अभियन्ता को अनुमन्य वाहन भत्ता क्रमशः रू0 150=00 एवं 150=00 प्रतिमाह के स्थान पर रू0 350=00 एवं

350=00 प्रतिमाह की दर से भुगतान करने के कारण रू0 4,800=00 अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(च)

(2) शासन के मितव्ययता सम्बन्धी निर्देशों के वाबजूद अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष के आवास हेतु कार्डलैस फोन क्रय पर रू0 6,000=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ज)

17– नगर पालिका परिषद बागेश्वर वर्ष 2002–03 :–

(क) आर्थिक क्षति :–लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं कराये जाने से रू0 3,289=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ब)

18– नगर पालिका परिषद पौड़ी वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक एवं अनियमित व्यय :–शासनादेश संख्या–578/दस–स0वि0वि0/1–99 दिनांक 16.6.1999 के प्राविधानों के विपरीत बधाई सन्देशों के विज्ञापन पर रू0 8,000=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4

(ख) आर्थिक क्षति :– विद्युत बिलों के विलम्ब से भुगतान पर रू0 3,338=65 एवं टेलीफोन बिलों के विलम्ब से भुगतान किये जाने पर रू0 100=00 कुल 3,439=00 विलम्ब शुल्क के रूप में आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(2)(3)

19– नगर पालिका परिषद नैनीताल वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित व्यय :– (1) रमपुरिया लाईन जयलाल शाह बाजार के पीछे सी0सी0 रोड निर्माण कार्य में श्री मोहम्मद अशलम ठेकेदार को रू0 1,500=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3(क)

(2) श्री धनीराम ठेकेदार को नारायण नगर गेट से सफाई कर्मचारी आवास तक सड़क निर्माण में त्रुटिपूर्ण गणना के कारण रू0 735=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)

(3) कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक नैनीताल से रू0 77,00,000=00 का ऋण दायित्वों के निस्तारण हेतु लिये जाने से रू0 2,54,166=00 ब्याज का अमान्य भुगतान किया गया था क्योंकि पालिका ने करों के बकायों की वसूली हेतु कोई कार्यवाही नहीं की थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3(ग)

(4) शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन पालिका निधि से भुगतान किये जाने से रू0 1,27,358=00 का अनियमित व्यय हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3(ड.)

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें :– (1) श्री सुरेश चन्द्र जोशी, वरिष्ठ लिपिक को रू0 935=00 ,श्री भुवनलाल शाह को रू0 1,380=00 का वेतन में अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(क)(ख)

(2) श्री जगदीश चन्द्र पुत्र श्री बनबारी को बोनस रू0 2,467=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(ग)

(ग) आर्थिक क्षति :– सामान्य लाइसेंस कम बनाये जाने से रू0 1,895=00 तथा लाजिंग के लाइसेंस कम बनाये जाने से रू0 92,445=00 तथा लाजिंग लाईसेन्स कम दर पर बनाये जाने से रू0 2,200=00 की आर्थिक क्षति हुई थी। इस प्रकार रू0 96,540=00 की आर्थिक क्षति हुयी थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(ख)(ग)(च)

(2) ठेकेदारी पंजीयन शुल्क न लिये जाने से रू0 5,400=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(घ)

(3) पालिका कर्मचारियों से मानक किराया कटौती न किये जाने से रू0 1,08,888=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(छ)

20– नगर पालिका परिषद हल्द्वानी (नैनीताल) वर्ष 2003–04 :–

(क) व्यपहरणः– दिनांक 23.12.2003 को वसूल की गयी लाइसेंस शुल्क की आय रू0 3,975=00 के सापेक्ष मात्र रू0 3,675=00 ही पालिका कोष में जमा कराने से रू0 300=00 व्यपहरण किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(क)

(ख) दुर्विनियोग :– दिनांक 31.3.2003 को फल सब्जी लाइसेंस की वसूल की गयी धनराशि रू0 5,200=00 दिनांक 12.3.2004 को लगभग एक वर्ष पश्चात् जमा किये जाने से उक्त धनराशि का दुर्विनियोग हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(क)(2)

(ग) आर्थिक क्षति :– (1) उपविधियों के अनुसार लाइसेंस शुल्क की वसूली नहीं किये जाने से रू0 4,77,000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(ख)(।)

(2) भवन स्वामियों द्वारा प्राप्त किराये से भी कम मूल्यांकन किये जाने से पालिका को गृह कर में रू0 71,240=00 की कम प्राप्ति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(ख)(।।)

(3) शासन की स्वीकृति के बिना टोयटा क्वालिस क्रय पर रू0 7,76,600=00 का भुगतान कर पालिका को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(ग)

21– नगर पालिका परिषद खटीमा (उधमसिंह नगर) वर्ष 1998–99 से 2002–03 :–

(क) आर्थिक क्षति :–(1) शारदा टाकीज पर प्रेक्षा गृहकर की माँग निरस्त किये जाने से रू0 2,91,000=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(1)

(2) दशम वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान रू0 1,10,650=00 का आहरण न होने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(2)

(ख) राजस्व क्षति :– तहबाजारी ठेके के अनुबन्ध में स्टाम्प पेपर प्रयुक्त न किये जाने से रू0 1,43,350=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(3)

(ग) अधिक/अनियमित भुगतान :– (1) दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को बिना किसी शासनादेश आदि के बढ़ी हुई दर से पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने से रू0 1,8753=00 अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(16)

(2) जिलाधिकारी कार्यालय, उधमसिंह नगर में कार्यरत श्री विशन राव चपरासी को रू0 1,770=00 प्रतिमाह की दर से रू0 1,06,200=00 पालिका निधि से भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –14(1)

22– नगर पालिका परिषद भवाली (नैनीताल) वर्ष 2001–02 एवं 2002–03 :–

(क) आर्थिक क्षति :– (1) पालिका आवास उपलब्ध कराये जाने पर सम्बन्धित कर्मचारियों से मानक किराया अथवा वेतन का 10 प्रतिशत की कटौती नहीं किये जाने से रू0 81,840=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(2)

(2) उप शिक्षा निदेशक कुमाऊँ मण्डल नैनीताल के पत्रांक 2642/12–1(21)/1974 दिनांक 07.12.1974 द्वारा स्थायी मान्यता प्राप्त जू0हा0 स्कूल का बेसिक शिक्षा परिषद के गठन के उपरान्त पालिका द्वारा संचालन किये जाने पर वर्ष 2001–02 में रू0 4,65,659=00 तथा वर्ष 2002–03 में रू0 6,45,174=00 अमान्य व्यय किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(5)

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें :– (1) बिना पद सृजन के अवर अभियन्ता को रू0 19,767=00 का वेतन भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(6)

(2) जिलाधिकारी कार्यालय, नैनीताल में कार्यरत कु0 मधु भण्डारी, लिपिक को पालिका निधि से इनके वेतनादि पर रू0 1,57,872=00 व्यय किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(7)

23– नगर पालिका परिषद दुगड्डा (पौड़ी) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– उपार्जित अवकाश के सेवा कालीन नगदीकरण रू0 40,496=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)

(ख) आर्थिक क्षति :– बैंकों/सरकारी कार्यालयों के भवन स्वामियों का गृहकर निर्धारण में वार्षिक मूल्यांकन कम आंकने से रू0 27,048=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(घ)

24– नगर पालिका परिषद कोटद्वार (पौड़ी) वर्ष 2002–03 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :–शासनादेश संख्या–4–444/दस–2000 दिनांक 14.6.2000 द्वारा अर्जित अवकाश का प्रतिबन्धित सेवाकालीन नगदीकरण का रू0 9,890=00 भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –(ड.)

नगर पंचायतें

(1) नगर पंचायत कर्णप्रयाग (जिला चमोली) वर्ष 2002–03 :–

(क) आर्थिक क्षति :– लाइसेंस शुल्क की कम दर से वसूली किये जाने से रू0 300=00 एवं रू0 850=00 जमा नहीं किये जाने से कुल रू0 1150=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6

2– नगर पंचायत डोईवाला (जिला देहरादून) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमि भुगतान :– संस्था के कर्मचारियों को वाहन पालिका कार्य में प्रयुक्त किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र के बिना एवं अनुमन्य दर से उच्चतर दर पर भुगतान किये जाने से रू0 6,650=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)

3– नगर पंचायत हर्बटपुर (जिला देहरादून) वर्ष 2003–04 :–

(क) अमान्य भुगतान :– छत की ग्रोटिंग हेतु दिनांक 13.12.2003 से दिनांक 27.12.2003 तक श्रमिक कार्यरत दर्शाकर रू0 15,420.00 अमान्य था क्योंकि इस कार्य हेतु निर्माण सामग्री दिनांक 23.12.2003 को क्रय की गयी थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–1

4– नगर पंचायत चम्बा (जिला टिहरी गढ़वाल) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– कर्मचारियों के कोई पद सृजित नहीं होने पर भी दैनिक/संहत वेतन पर कर्मचारी नियोजित कर रू0 63,532=00 वेतनादि पर अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5

(ख) राजस्व क्षति :– तहबाजारी एवं पार्किंग ठेके के अनुबन्धों में निर्धारित दर से कम मूल्य के स्टाम्प पत्र प्रयुक्त किये जाने से क्रमशः रू0 9,500=00 एवं रू0 5,100=00 कुल रू0 14,600=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6

5– नगर पंचायत मुनि की रेती (जिला टिहरी गढ़वाल) वर्ष 2003–04:–

(क) आर्थिक क्षति :– वर्ष 2003–04 में गृहकर की माँग आरोपित नहीं करने के फलस्वरूप रू0 1,71,994=00 की अर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(2)

6– नगर पंचायत देवप्रयाग (जिला टिहरी गढ़वाल) वर्ष 2003–04 :–

(क) राजकीय अनुदान का उपभोग :– चैक संख्या 39281/33 दिनांक 12.06.2003 द्वारा पी0एल0ए0 से वेतन वितरण हेतु रू0 2,46,516=00 के स्थान पर रू0 2,99,431=00 का आहरण करके अवशेष धनराशि रू0 52,915=00 अन्य मदों पर व्यय किया जाना अनुदान की शर्तों का उल्लंघन था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(1)

(ख) अधिक/अनियमित भुगतान :– श्रीमती गुलाब देई, सफाई कर्मचारी को रू0 2,467=00 बोनस का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(2)

(ग) राजस्व क्षति :– संस्था द्वारा किराया सम्बन्धी अनुबन्ध पत्रों में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पत्रों का प्रयोग नहीं किये जाने से रू0 34,854=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ई)

7– नगर पंचायत बड़कोट (जिला उत्तरकाशी) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय :– पद सृजन के बिना श्री प्रेम सिंह रावत एवं श्री प्रेम सिंह राणा की राजस्व मोहर्रिर पद पर नियुक्ति के कारण इनके वेतनादि पर रू0 1,35,000=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1क(2)

(ख) आर्थिक क्षति :– शासनादेश संख्या 161 सी0एम0/नौ–9–97–23 ज/97 दिनांक 16 दिसम्बर, 1997 के अनुसार शराब व्यवसायी से लाइसेंस शुल्क रू0 12,000=00 के स्थान पर मात्र रू0 1,000=00 वसूलने के कारण रू0 11,000=00 की क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1ख(अ)

8– नगर पंचायत लण्ढौरा (जिला हरिद्वार) वर्ष 2003–04 :–

(क) अनियमित व्यय :– नव वर्ष की शुभकामना आदि सम्बन्धी विज्ञापनों पर रोक के वाबजूद इनके विज्ञापनों पर रू0 3,000=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(1)

9– नगर पंचायत झबरेड़ा (जिला हरिद्वार) वर्ष 2003–04 :–

(क) राजस्व क्षति :– तहबाजारी ठेका वर्ष 2003–04 के अनुबन्ध में स्टाम्प पत्रों का प्रयोग नहीं किये जाने से रू0 28,160=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग– 2 ब प्रस्तर 1 (क)

(ख) अनियमित व्यय :– श्री नाथीराम मित्तल को जल संस्थान द्वारा डाली गयी पुराने नलों को ठीक कराने हेतु रू0 12,400=00 का भुगतान पंचायत निधि से किया जाना अनियमित था।

भाग– 2 ब प्रस्तर –1(ख)

10– नगर पंचायत द्वाराहाट (जिला अल्मोड़ा) वर्ष 2003–04 :–

(क) आर्थिक क्षति :– (1) विभिन्न व्यवसायियों के लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं कराने के कारण रू0 6,315=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(1)(अ)

(2) पंचायत कार्य के बिना अन्य प्रयोजनों हेतु अध्यक्ष को अल्मोड़ा एवं बागेश्वर की यात्राओं हेतु प्रेट्रोल आदि पर रू0 2,169=00 व्यय किये जाने से आर्थिक क्षति हुई।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ख)

11– नगर पंचायत भीमताल (जिला नैनीताल) वर्ष 2003–04 :–

(क) अनियमित एवं अधिक व्यय :– श्री प्रताप सिंह बोहरा ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य की स्वीकृत निविदा पर कार्य नहीं करने के कारण उनके द्वारा जमा अर्नेस्टमनी के रूप में रू0 1,400=00 जब्त करने के बजाय वापस किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4

(ख) राजस्व क्षति :– (1) निर्माण कार्य से सम्बन्धित ठेकेदारों के बिलों से व्यापार कर एवं आयकर की कटौती नहीं करने के कारण रू0 45,821=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(6)

(ग) व्यपहरण :–

(2) पार्किंग शुल्क की वसूल की गयी धनराशि रू0 4,410=00 एवं तहबाजारी रू0 175=00 पंचायत निधि में जमा न करने से कुल रू0 4,585=00 का व्यपहरण हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(छ)

12–नगर पंचायत महुआ डाबरा (जिला उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04:–

(क) व्यपहरण :– विभिन्न रसीदों से वसूल की गयी धनराशि रू0 24,160=00 की पंचायत निधि में जमा नहीं किये जाने से व्यपहरण किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1 क(1)

(ख) अनियमित भुगतान :– अधिशासी अधिकारी को दिनांक 02.02.2004 हेतु यात्रा बिल के बिना रू0 2,500=00 भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1 क(2)

(ग) राजस्व क्षति :– ठेकेदार के बिल से आयकर की कटौती नहीं किये जाने से रू0 6,168=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –ख

13– नगर पंचायत चम्पावत वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक भुगतान :– (1) अधिशासी अधिकारी को मकान किराया भत्ता का रू0 3,255=00 अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1

(2) कोटेशन की शर्तों के विपरीत विद्युत सामग्री आपूर्ति हेतु रू0 2000=00 भाड़े के रूप में अतिरिक्त भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –4

(ख) आर्थिक क्षति :– भवन प्लान शुल्क उपनियमों के अनुसार न लिये जाने से रू0 7,800=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –2

14– नगर पंचायत केलाखेड़ा (जिला उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक भुगतान :– (1) सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार श्री नबाब अली को रू0 19,653=00 का दोहरा भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –2

(2) श्री मोहम्मद जावेद को सड़क निर्माण में रू0 2,790=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ)प्रस्तर –3(2)

(ख) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता :– बिना पद सृजन के सफाई नायक की नियुक्ति किये जाने से रू0 59,956=56 का अनियमित व्यय हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –8

15–नगर पंचायत कालाढुंगी (जिला नैनीताल) वर्ष 2002–03 एवं 2003–04 :–

(क) आर्थिक क्षति :– वर्ष 2001–02 में गृहकर की माँग रू0 1,58,846=00 की किन्तु वर्ष 2002–03 एवं 2003–04 में भवनकर की माँग स्थापित नहीं किये जाने से प्रति वर्ष रू0 1,58,846=00 अर्थात कुल रू0 3,17,692=00 की संस्था को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(घ)

(ख) राजस्व क्षति :– तहबाजारी पार्किंग शुल्क आदि के ठेकों के अनुबन्धों में कम मूल्य के स्टाम्प पत्र प्रयुक्त किये जाने से रू0 1,01,490=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(ज)

(ग) अधिक/अनियमित भुगतान :– (1) श्री शब्बीर अहमद ठेकेदार को वार्ड सं0 03 में सड़क निर्माण कार्य के बिल से आयकर/बिक्रीकर की क्रमशः रू0 1,005=00 एवं 4,021=00 कुल रू0 6,283=00 की कटौती के पश्चात् देय रू0 94,233=00 के स्थान पर रू0 1,05,301=00 भुगतान करने से रू0 11,068=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो (अ) प्रस्तर–4 (क)

(2) श्री नबाब अली ठेकेदार को सड़क एवं नाला निर्माण में त्रुटिपूर्ण गणना से रू0 8,823=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ख)

16– नगर पंचायत दिनेशपुर (जिला उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04 :–

(क) व्यपहरण :– माह अक्टूबर, 2003 से दिसम्बर, 2003 के वेतन से आर0डी0 हेतु की गयी कटौती रू0 15,600=00 के स्थान पर मात्र रू0 15,000=00 ही जमा किये जाने से रू0 600=00 व्यपहरण किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5

17– नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी (जिला उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक भुगतान :– दैवी आपदा से क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों के अनुदान से सम्बन्धित सी0सी0 रोड निर्माण कार्य में रू0 1,535=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1क(2)

18– नगर पंचायत शक्तिगढ़ (जिला उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– सामुदायिक भवन एवं शमशान घाट निर्माण हेतु ठेकेदार श्री लईक अहमद को कुल रू0 1,73,423=00 का भुगतान किया गया था। अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा उधमसिंह नगर के मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंह नगर को प्रेषित पत्रांक 973/गा0अ0से0/98–99 दिनांक 09.11.1998 में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का मूल्यांकन रू0 70,000=00 एवं शमशान घाट टिन शैड निर्माण का मूल्यांकन रू0 28,000=00 कुल रू0 98,000=00 आंकलन के आधार पर कृत कार्य हेतु रू0 75,423=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)(8)

(ख) आर्थिक क्षति :– वित्त अनुभाग –1 शा0सं0 812/वि0अनु0–1/02 दिनांक 13.8.2002 द्वारा वर्ष 2002–03 में राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार स्वीकृत रू0 70,000=00 का आहरण पंचायत द्वारा नहीं करने से आर्थिक क्षति हुयी है।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –6(ख)(5)

19– नगर पंचायत महुआ खेड़ा गंज (जिला उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक एवं अनियमित व्यय :– पी0डब्ल्यू0डी0 से श्री महेन्द्र सिंह के मकान तक निर्माण कार्य के आगणन में अर्थ फिलिंग का कार्य नहीं होने पर भी

रू0 187=21 घ0मी0 अर्थ फिलिंग का कार्य पर रू0 13,970=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)

(ख) आर्थिक क्षति :– तालाब ठेके में धनराशि बिलम्ब से जमा करने पर अनुबन्धानुसार अर्थदण्ड नहीं लिये जाने से रू0 5,325=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ग)

20– नगर पंचायत लालकुँआ (जिला नैनीताल) वर्ष 2003–04 :–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– निर्माण कार्यों के भुगतानों में न्यूनतम टैण्डर की दर से गणना नहीं किये जाने से रू0 4,732=00 का ठेकेदारों को अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3(क)(ख)(ग)

(ख) राजस्व क्षति :– श्री दीवान सिंह ठेकेदार को श्यामलाल के घर से अनोखे लाल के घर तक सड़क निर्माण कार्य में व्यापार कर रू0 2,128=00 की कटौती नहीं किये जाने से राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(क)

(ग) आर्थिक क्षति :–(1) तहबाजारी वसूली में शिथिलता से रू0 12,925=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(ख)

(2) वर्ष 2002–03 में गृहकर की माँग रू0 4,10,992=00 थी। वर्ष 2003–04 गृहकर आरोपित नहीं किये जाने के कारण रू0 4,10,992=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(ग)

कृषि उत्पादन मण्डी समितियाँ

1– कृषि उत्पादन मण्डी समिति देहरादून वर्ष 2003–04

(क) राजस्व क्षति :– सफाई कार्य तथा कैन्टीन के ठेकों में अनुबन्धों पर निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर प्रयुक्त नहीं किये जाने से रू0 3,61,180=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(क)

(ख) अधिक एवं अनियमित भुगतान :– मण्डी परिषद के सदस्य को टैक्सी भाड़े हेतु रू0 4,888=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(5)

2– कृषि उत्पादन मण्डी समिति रूड़की (हरिद्वार) वर्ष 2003–04

(क) आर्थिक क्षति :– व्यवसायियों के लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं कराये जाने से रू0 2,750=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(4)

3– कृषि उत्पादन मण्डी समिति मंगलौर (हरिद्वार) वर्ष 2003–04

(क) आर्थिक क्षति :– **(1)** कतिपय व्यवसायियों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराने से रू0 8,700=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(1)

(2) मण्डी समिति द्वारा निर्मित दुकानों को किराये पर नहीं दिये जाने से रू0 1,37,280=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(।।)

4– कृषि उत्पादन मण्डी समिति रामनगर (नैनीताल) वर्ष 2002–03 एवं 2003–04:–

(क) आर्थिक क्षति :– कर्मचारियों को समिति निधि से दिये गये ऋणों पर ब्याज की गणना नहीं किये जाने से रू0 925=00 एवं आगणित ब्याज की वसूली नहीं किये जाने से रू0 11,400=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(क)(ख)

(2) बगीचा नीलामी की धनराशि रू0 33,500=00 की वसूली नहीं किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ग)

(3) विलम्ब से मण्डी शुल्क जमा किये जाने पर व्यापारियों द्वारा देय ब्याज रू0 1,987=00 की वसूली नहीं किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(छ)

(ख) अधिक/अनियमित भुगतान :– श्री वेदप्रकाश शर्मा, मण्डी निरीक्षक को प्रशिक्षण सम्बन्धी यात्रा भत्ता में दैनिक भत्ता के रूप में रू0 2,025=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(च)

5– कृषि उत्पादन मण्डी समिति टनकपुर (चम्पावत) वर्ष 2001–02 से 2003–04 :–

(क) आर्थिक क्षति :– वन समिति द्वारा देय मण्डी शुल्क से कम धनराशि जमा किये जाने से रू0 1,52,876=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1

(2) पृथक कृषि उत्पादन मण्डी समिति के गठन के उपरान्त मण्डी शुल्क आय रू0 49,941=00 कृषि उत्पादन मण्डी समिति खटीमा में जमा किये जाने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –4

6– कृषि उत्पादन मण्डी समिति किच्छा (उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04:–

(क) अधिक/अनियमित व्यय :– राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद से स्वीकृत दरों से उच्च दर पर सुरक्षा ठेका दिये जाने से रू0 2,604=00 का अतिरिक्त व्यय भार समिति पर पड़ा था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1

(ख) राजस्व क्षति :– सुरक्षा एवं सफाई ठेका के अनुबन्धों में स्टाम्प पत्र प्रयुक्त नहीं किये जाने से रू0 4,470=00 राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4

(ग) आर्थिक क्षति :– कैन्टीन नीलामी विलम्ब से किये जाने से रू0 3,006=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5

7– कृषि उत्पादन मण्डी समिति काशीपुर (उधमसिंह नगर)वर्ष 2003–04

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के पत्रांक 3355 दिनांक 02.04.2003 द्वारा सिक्योरिटी गनमैन आदि की स्वीकृत दरों की तुलना में सुरक्षा पर लगाये गये गनमैन एवं डण्डामैन का पारिश्रमिक उच्चतर दर से भुगतान किये जाने के कारण रू0 5,25,024=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(क)

(2) श्री रविका सफाई कार्य का कुटेशन न्यूनतम रू0 6,500=00 प्रतिमाह होने पर भी श्री रवि को कार्य न देकर श्री राजन को रू0 12,500=00 प्रतिमाह पर देने के कारण वर्ष में रू0 72,000=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(घ)

8– कृषि उत्पादन मण्डी समिति रूद्रपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04

(क) अनियमित व्यय :– नवीन मण्डी स्थल रूद्रपुर की दुकान किराये की वसूली सम्बन्धी 57 वादों पर रू0 60,990=00 वाद व्यय करने के उपरान्त मा0 न्यायालयों के बिना निर्णय के बकाया किराया रू0 11,32,622=00 को दिनांक 05.9.2003 को पारित प्रस्ताव द्वारा माफ किये जाने के कारण रू0 60,990=00 का व्यय अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5

(ख) आर्थिक क्षति :– दालमिल से मण्डी शुल्क /विकास सैस की माँग वसूली नहीं किये जाने से रू0 1,14,169=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6

9– कृषि उत्पादन मण्डी समिति सितारगंज (उधमसिंह नगर)वर्ष 2000–01 से 2003–04:–

(क) आर्थिक क्षति :– लाइसेंस नही बनाये जाने से समिति को रू0 3,050=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(क)

10– कृषि उत्पादन मण्डी समिति बाजपुर (उधमसिंह नगर) वर्ष 2003–04

(क) अनियमित भुगतान :– धान क्रय केन्द्रों में धान की आवक बन्द होने के उपरान्त सुख सुविधा सामग्री के किराया आदि हेतु मै0 सेठी टैन्ट हाउस बाजपुर को रू0 5,980=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –3

(ख) आर्थिक क्षति :– उत्तरांचल पावर कारपोरेशन को प्रचलित सर्किल रेट से कम मूल्य पर भूमि हस्तान्तरण से रू0 1,01,724=00 की कम प्राप्ति होने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –9

(ग) राजस्व क्षति :– कैन्टीन नीलामी का अनुबन्ध कम मूल्य के स्टाम्प पत्रों में किये जाने से रू0 1,264=00 की राजस्व क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –10

इण्टर कालेज/शिक्षण संस्थायें

1– शिक्षा निकेतन जू0हा0 स्कूल मुनि की रेती (टिहरी गढ़वाल) वर्ष 2002–03 एवं 2003–04:–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– शासनादेश संख्या–1161/28.4.2000 –02(14) /91 दिनांक 31 मई, 2000 में पर्वतीय जनपदों के मैदानी क्षेत्र हेतु निर्धारित दरों से उच्च दर पर संस्था के कर्मचारियों को पर्वतीय भत्ता का भुगतान किये जाने के फलस्वरूप कुल रू0 42,890=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(1)

2– लाल बहादुर शास्त्री जू0हा0 स्कूल ढालवाला (जिला टिहरी) वर्ष 2002–03 एवं 2003–04:–

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– शासनादेश संख्या–1161/28–4–2000–02(14)/91 दिनांक 31.5.2000 द्वारा मैदानी क्षेत्र हेतु अनुमन्य दरों से उच्च दरों पर पर्वतीय विकास भत्ता भुगतान किये जाने से रू0 34,185=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(2)

(2) श्रीमती बिजौला मधुमती एवं श्री वीरेन्द्र दत्त कुड़ियाल सहायक अध्यापक को समय पूर्व वेतन बृद्धि स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप रू0 1,929=00 एवं रू0 1,572=00 अर्थात कुल रू0 3,501=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(1)

3– जय किसान इण्टर कालेज रौंडधार (जिला टिहरी) वर्ष 2003–04

(क) अनियमित भुगतान :– वित्त नियन्त्रक शिक्षा निदेशालय, उत्तरांचल देहरादून के पत्रांक अर्थ–1/11168–15191/विविध–1/2003–04 दिनांक 25.4.2003 के विपरीत परिवार कल्याण योजनान्तर्गत स्वीकृत वैयक्तिक वेतन बृद्धि को पुनरीक्षित किये जाने के फलस्वरूप रू0 2,100=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)

4– डा0 हरिराम आर्य इण्टर कालेज मायापुर (जिला हरिद्वार) वर्ष 2002–03 एवं 2003–04

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– प्राधिकृत नियन्त्रक को अनुरक्षण खाते से रू0 100=00 प्रतिमाह की दर से रू0 2,200=00 का अनियमित भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(1)

5– आर0एम0पी0 इण्टर कालेज गुरूकुल नारसन (जिला हरिद्वार) वर्ष 2002–03 एवं 2003–04

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– श्री कीरत सिंह सफाई कर्मचारी को त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के फलस्वरूप रू0 1,530=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(1)

राष्ट्रीय सेवा योजना

1– हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय श्रीनगर (गढ़वाल) वर्ष 2003–04

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षण की अवधि में भोजन एवं आवास सुविधा उपलब्ध होने पर इसके विपरीत पूर्ण दर से दैनिक भत्ता का भुगतान रू0 2,100=00 अनियमित व्यय था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –9(1)

(2) राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग के कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष 2003–04 हेतु मानदेय में रू0 1,000=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –9(2)

2– गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पन्तनगर वर्ष 2003–04

(क) अधिक/अनियमित व्यय :– विशेष शिविर निधि से साईकिल स्टैण्ड निर्माण हेतु बिना किसी प्राविधान के रू0 20,041=00 का व्यय शासन के निर्देशों के विरूद्ध था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1

विकास प्राधिकरण

1– दूनघाटी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण वर्ष 2003–04

(क) अधिक एवं अनियमित व्यय :– श्री सर्वेश मित्तल मानचित्र कार की पत्नी केन्द्रीय विद्यालय आई0एम0ए0 देहरादून में कार्यरत थी। शासनादेश संख्या–1–392/दिनांक 28.4.2000 के अनुसार एक ही मकान में रहने वाले पति–पत्नी दोनों में से एक को ही मकान किराया भत्ता देय होने के कारण श्रीमती मित्तल को मकान किराया भत्ता का भुगतान न होने की पुष्टि कराये बिना श्री मित्तल को रू0 16,260=00 मकान किराया भत्ता का भुगतान अनियमित था।

बेसिक शिक्षा समितियाँ

1– बेसिक शिक्षा समिति टिहरी वर्ष 2002–03 एवं 2003–04

(क) अधिक एवं अनियमित भुगतान :– (1) शिक्षक/कर्मचारियों को अवैतनिक अवकाश में रहने पर भी रू0 2,467=00 प्रति व्यक्ति की दर से कुल रू0 74,010=00 बोनस का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(क)

(2) मुनि की रेती में स्थित विद्यालयों के कर्मचारियों/शिक्षकों को मैदानी क्षेत्र हेतु अनुमन्य पर्वतीय भत्ता देय था। इसके विपरीत पहाड़ी क्षेत्र हेतु अनुमन्य पर्वतीय भत्ता का भुगतान किये जाने से कुल रू0 1,79,860=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –1(ख)

(3) श्री ललिता प्रसाद समन्वयक नरेन्द्रनगर को समय पूर्व वेतन बृद्धि स्वीकृत किये जाने से रू0 10,002=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(ग)

(4) श्रीमती शकुन्तला कुंजवाल सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय हिण्डोला खाल (नरेन्द्रनगर) को समय पूर्व वेतन बृद्धि स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप रू0 12,196=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(ग)(2)

(5) श्रीमती लक्ष्मी भद्री सहायक अध्यापिका प्रा0वि0 घुण्टी को अनुमन्य 120 दिन के स्थान पर 160 दिन का चिकित्सावकाश स्वीकृत किये जाने से रू0 13,627=00 का अमान्य व्यय हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(ग)(3)

(6) परिवार कल्याण योजनान्तर्गत स्वीकृत वेतन बृद्धि को अनधिकृत रूप से पुनरीक्षित किये जाने से रू0 22,200=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –5(घ)(1)

2– बेसिक शिक्षा समिति पौड़ी वर्ष 2001–02 से 2003–04

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– श्रीमती शिरोमणी प्र0अ0 प्रा0वि0 गहण के पति नगर क्षेत्र पौड़ी में कार्यरत थे किन्तु मकान किराया भत्ता के भुगतान न होने की पुष्टि कराये बिना पौड़ी नगर में देय मकान किराया भत्ता रू0 25,425=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(क)

(2) श्रीमती कौशल्या देवी प्र0आ0 प्रा0वि0 कसाणी द्वारा पदोन्नति हेतु असहमति व्यक्त किये जाने के उपरान्त भी चयन वेतनमान स्वीकृत करने के फलस्वरूप उन्हें वेतन भत्तों आदि में रू0 80,660=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1ख (1)

(ख) आर्थिक क्षति :– जूनियर हाईस्कूल मरगदना (पौड़ी) भवन निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि में से खराब छत निर्माण पर दुरूपयोग की गयी धनराशि रू0 68,000=00 के सापेक्ष रू0 54,400=00 की वसूली करने से रू0 13,600=00 की क्षति हुयी थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(घ)

उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद हल्द्वानी (नैनीताल) वर्ष 2003–04

(क) अधिक /अनियमित/अमान्य/परिहार्य व्यय :– (1) दुर्गा कालोनी खड़िया फैक्ट्री से पीली कोठी (हल्द्वानी) तक सम्पर्क मार्ग हेतु श्री सुरेन्द्र सिंह ठेकेदार को निर्गत मैक्स फाल्ट के मूल्य रू0 79,437=00 की वसूली ठेकेदार के बिल से नहीं किये जाने के कारण अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ग)

(2) देहरादून एवं ऋषिकेश मण्डी क्षेत्रान्तर्गत मैदानी क्षेत्र के निर्माण कार्यो का, पर्वतीय क्षेत्र हेतु निर्धारित दरों पर भुगतान किये जाने से रू0 4,98,298=70 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(च)

(3) रोलिंग टेरेन क्षेत्र (पौड़ी जिले का दक्षिणी भाग कोटद्वार आदि) में अनुमन्य दरों से उच्चतर दर पर निर्माण का भुगतान किये जाने के कारण रू0 83,499=20 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ड.)

(4) कोटद्वार मण्डी क्षेत्रान्तर्गत लालपानी सम्पर्क मार्ग के भुगतान में त्रुटिपूर्ण गणना किये जाने के कारण ठेकेदार श्री सतेन्द्र सिंह नेगी को रू0 1,77,687=95 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ख)

(5) रेगडू मल्ली छन्दा से तल्ली छन्दा सम्पर्क मार्ग जाब–2 में कटिंग से प्राप्त पत्थर के 50 प्रतिशत भाग का चिनाई हेतु प्रयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा न कर पत्थर की चिनाई हेतु समस्त पत्थर ढुलान से अन्यत्र से लाकर प्रयोग करने के कारण श्री बी0सी0 मिश्रा ठेकेदार को रू0 40,943=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(1)

(6) मुनेश्वर खेती गाड़ राजपुरा मझेड़ा कपलखेत सम्पर्क मार्ग जाब–1 एवं जाब–2 के निर्माण में कटिंग से प्राप्त पत्थर के निर्धारित का 50 प्रतिशत भाग का उपयोग चिनाई में न कर 1.50 कि0मी0 दूर से लाये गये पत्थर का प्रयोग चिनाई में दर्शाने से ठेकेदार श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी को रू0 1,76,000=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(2)(3)

(7) (क) उपनिदेशक (निर्माण) द्वारा किच्छा मण्ड़ी क्षेत्रान्तर्गत पक्की खमरिया सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य सनतोषजनक नहीं पाये जाने के कारण प्रीमिक्सिंग कार्य में 05 प्रतिशत तथा सीलकोट के कार्य में 10 प्रतिशत जाँचोपरान्त कटौती की संस्तुति करने के उपरान्त कोई कटौती नहीं किये जाने से श्री अरविन्द सिंह राणा, ठेकेदार को रू0 6,585=76 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर–4–ज(1)

(ख) इसी प्रकार बिन्दुखत्ता सम्पर्क मार्ग जाब–1 निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप नहीं पाये जाने पर अपनी निरीक्षण आख्या में 40 प्रतिशत कार्य अस्वीकृत कर कटौती किये जाने की संस्तुति के उपरान्त भी ठेकेदार से कटौती निर्देशानुसार नहीं करने के कारण ठेकेदार को रू0 1,37,419=53 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4–ज(2)

(8) सड़क निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री का ढुलान अधिक दूरी से दर्शाये जाने के कारण ठेकेदारों को रू0 3,47,966=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ञ)

(9) नगर पालिका रूद्रपुर की सीमान्तर्गत मण्डी परिषद द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाये जाने से रू0 2,08,761=00 का अनियमित व्यय किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(घ)

(10) हल्द्वानी मण्डी स्थल में 160 किलो वाट अम्पीयर के जनरेटर क्रय एवं स्थापना सम्बन्धी प्राकलन हेतु प्राप्त कोटेशन में न्यूनतम दर मै0 खण्डेलवाल मिल स्टोर हल्द्वानी की रू0 7,94,525=00 थी। उक्त कार्य में क्वालिटी इलेक्ट्रिक वर्क्स रूड़की से कराकर रू0 8,01,908=00 का भुगतान किया गया था। प्राक्कलन में जनरेटर की कोटेशन की दरों के अतिरिक्त 10 प्रतिशत कान्ट्रेक्टर प्राफिट रू0 73,550=00 भी सम्मिलित होने के कारण परिषद द्वारा रू0 73,550=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(ढ़)

(11) कृषि उत्पादन मण्डी परिषद अधिनियम की धारा–26(त) 2(1)(2)(3) में निर्धारित प्रयोजनों के विपरीत गौ संवर्धन हेतु रू0 4,15,594=00 का भुगतान उत्तरांचल लाइव स्टाक डेवलपमेंट बोर्ड देहरादून को किया जाना अनियमित था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –4(त)

(12) मण्डी परिषद निदेशालय भवन रूद्रपुर हेतु मै0 नरूला ठेकेदार को निर्गत सरिया एवं सीमेन्ट के मूल्य की ठेकेदार के बिल से कटौती नहीं किये जाने के कारण रू0 10,98,457=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –10(क)

(13) मण्डी समिति खटीमा परिसर में आवासीय भवनों की मरम्मत हेतुं निर्गत सामग्री के मूल्य की कटौती ठेकेदार मै0 लक्ष्य कन्स्ट्रक्शन के बिल से नहीं करने के कारण ठेकेदार को रू0 84,000=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –10(ख)

(14) खटीमा से मोहनपुर सम्पर्क मार्ग के निर्माण में ठेकेदार मै0 सिंह एसोशिएट्स किच्छा को निर्गत 9=36 मी0टन मैक्स फाल्ट के मूल्य की वसूली नहीं किये जाने के कारण रू0 1,16,719=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ख)

(15) ट्रान्सपोर्ट नगर रामपुर रोड (हल्द्वानी) सम्पर्क मार्ग निर्माण में मै0 आदित्य इन्जीकाम प्रा0लि0 को निर्गत मैक्स फाल्ट क मूल्य की कटौती निर्माण कार्य के बिल से नहीं किये जाने से रू0 9,14,743=00 का भुगतान अनियमित था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ड.)

(16) रामनगर में सम्पर्क मार्ग मै0 ए0एम0 कान्ट्रक्टर को आर0आर0 चिनाई में पी0डब्ल्यू0डी0 के निर्धारित मानकों से कम सीमेन्ट प्रयोग करने से रू0 1,40,016=00 का अनियमित भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ज)

(17) तल्ला कोंच कफल्टा सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य में मै0 देवभूमि कन्स्ट्रक्शन को रू0 1,05,327=38 अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ड)(1)

(18) जिबोला तल्ला चौड़ मोटर मार्ग के जाब–1 में देव भूमि कन्सट्रक्शन को रू0 3,58,309=41 तथा इसी कार्य के जाब–2 में उक्त फर्म को रू0 84,427=45 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ड)(3)

(19) बर्रा अजीतपुर सम्पर्क मार्ग (किच्छा) के निर्माण में ठेकेदार मै0 रजा कन्सट्रक्शन कम्पनी से ईंटों के मूल्य की कटौती नहीं किये जाने से तथा समय बृद्धि अर्थदण्ड नहीं लिये जाने से रू0 4,915=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –1(ठ)

(ख) आर्थिक क्षति :– (1) मै0 ओखा इण्डस्ट्रियल प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड अम्बाला से क्रय किये गये 50 नमी मापक यन्त्रों में से 29 के मूल्य की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित मण्डी समितियों द्वारा की गयी थी। शेष 21 यन्त्रों की धनराशि रू0 2,70,270=00 की वसूली सम्बन्धित मण्डी समितियों से नहीं करने से परिषद को आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(क)

(2) श्री सुंनील कुमार अवर अभियन्ता द्वारा किच्छा से रूड़की /हरिद्वार स्थानान्तरण के सनय 04 ड्रम मैक्स फाल्ट प्रतिस्थानी को नहीं सौपने के कारण रू0 8,197=60 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(ख)

इंजीनियरिंग कालेज

गोविन्द बल्लभ पन्त इंजीनियरिंग कालेज घुड़दौड़ी वर्ष 2001–02 से 2002–03

(क) आर्थिक क्षतिः–निर्माण एजेन्सी से देय वाटर चार्जेज रू0 20,67,035=00 कम वसूली किये जाने से आर्थिक क्षति हुई।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –6(5)

(2) आर0ई0एस0 को सड़क निर्माण हेतु प्रेषित रू0 2,00,000=00 से सड़क निर्माण अथवा धनराशि की वापसी नहीं होने से आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –9(1)

वन समितियाँ

1– ग्राम वन समिति गणाई (जिला पिथौरागढ़) वर्ष 2000–01 से 2002–03

(क) अधिक/अनियमित भुगतान :– समिति द्वारा पौधालय निर्माण एवं अनुरक्षण पर रू0 54,973=00 का व्यय किया गया था। वन विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर नर्सरी से पौधे क्रय किये जाते तो 17,000 पौधों पर मात्र रू0 23,000=00 का व्यय होता। इस प्रकार वन विभाग द्वारा निर्धारित दरों की तुलना में पौधों के अनुरक्षण आदि पर रू0 31,171=00 का अधिक भुगतान किया गया था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –(4)

(ख) आर्थिक क्षति :– ग्राम वन समिति की चारा पत्ती, धास आदि से प्राप्त आय रू0 4,833=00 ग्राम विकास निधि में जमा नहीं करने से समिति को आर्थिक क्षति हुई।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –3

2– ग्राम वन समिति तल्ला मैसोड़ी (जिला पिथौरागढ) वर्ष 2000–01 से 2002–03

(क) अधिक भुगतान :– ग्राम वन समिति द्वारा 7,350 पौधे रू0 1=10 प्रति की दर से रू0 8,085=00 में क्रय किये गये थे। इस हेतु रू0 8,800=00 का भुगतान करने से रू0 715=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(अ) प्रस्तर –(6)

3– ग्राम वन समिति वरला काण्डें (जिला पिथौरागढ) वर्ष 1998–99 से 2002–03

(क) आर्थिक /अनियमित भुगतान :– मै0 किसान नर्सरी को पौध क्रय में रू0 1,400=00 का दोहरा भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –12

4– ग्राम वन समिति बड़ावे (जिला पिथौरागढ) वर्ष 2000–01 से 2001–02

(क) आर्थिक क्षति :– सुरक्षा दीवार निर्माण हेतु स्वीकृत दर से अधिक भुगतान किये जाने के कारण रू0 5,480=00 की आर्थिक क्षति हुई थी।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –(9)

5– ग्राम वन समिति खोली कन्यूरी (जिला पिथौरागढ) वर्ष 1999–2000 से 2002–03

(क) अधिक भुगतान :– सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य में रू0 1,327=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –(3)

6– ग्राम वन समिति उडियारी (जिला पिथौरागढ) वर्ष 2000–01 से 2002–03

(क) अधिक भुगतान :– श्री चन्दन सिंह चौकीदार को रू0 4,000=00 का अधिक भुगतान हुआ था।

भाग–दो(ब) प्रस्तर –(3)

परिशिष्ट –"क"

(प्रस्तर–3.1 में सन्दर्भित)

उपसम्परीक्षा के लेखे –

क0सं0	लेखे की श्रेणी	लेखाओं की संख्या
1–	नगर निगम	01
2–	नगर पालिका परिषद	31
3–	नगर पंचायतें	33
4–	विकास प्राधिकरण	05
5–	विश्व विद्यालय	01
6–	डिग्री कालेज	13
7–	इण्टर कालेज	196
8–	जूनियर हाई स्कूल	236
9–	संस्कृत पाठशालाऐं	63
10–	कृषि उत्पादन मण्डी समितियां	16
11–	ट्रस्ट लेखे	76
12–	विविध लेखे	221
13–	उत्तरांचल संस्कृत अकादमी	01
14–	बेसिक शिक्षा समितियॉ	13
15–	वन विकास निगम	01
16–	उत्तरांचल चाय विकास बोर्ड	01
17–	वन समितियॉ (अस्थाई)	401
	योग	**1309**

परिशिष्ट– "क–1"

(प्रस्तर–3.1 में सन्दर्भित)

सम्वर्ती सम्परीक्षाऐं :–

(1) गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रोद्यौगिक विश्वविद्यालय पन्तनगर (सामान्य लेखा)	01
(2) गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रोद्यौगिक विश्वविद्यालय पन्तनगर (फार्म लेखा)	01
(3) हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर, गढवाल	01
(4) उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उधमसिंह नगर	01
योग	04

परिशिष्ट– "क–2"

(प्रस्तर–3.1 में सन्दर्भित)

शत–प्रतिशत सम्परीक्षाधीन लेखे :–

(1) इन्जीनियरिंग कालेज	02
(2) मन्दिर समितियॉ	03
(3) राष्ट्रीय सेवा योजना के लेखे	07
(क) विश्वविद्यालय	04
(ख) माध्यमिक शिक्षा	02
(ग) प्राविधिक शिक्षा	01
योग	**12**

परिशिष्ट –"ख"
(प्रस्तर–3.2 में सन्दर्भित)

संस्था का नाम एवं उन पर प्रवृत्त सम्बन्धित अधिनियम :–

1–नगर निगम	नगर निगम अधिनियम 1959
2–नगर पालिकाऐं एवं नगर पंचायतें	नगर पालिका अधिनियम 1916
3–उत्तरॉचल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद एवं कृषि उत्पादन मण्डी समितियॉ	उ0प्र0 कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम–1964
4–बेसिक शिक्षा परिषद एवं जिला बेसिक शिक्षा समितियॉ	उ0प्र0 बेसिक शिक्षा अधिनियम–1972
5–राज्य विश्वविद्यालय	उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 (यथा संशोधित परिनियिम एवं अध्यादेश)
6–विकास प्राधिकरण	उ0प्र0नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973
7–वन निगम	उ0प्र0 वन निगम अधिनियम–1974
8–महाविद्यालय, इण्टर कालेज	वेतन वितरण अधिनियम, 1971 शिक्षा संहिता संस्करण 1958 एवं इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921
9–कृषि विश्वविद्यालय	कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम 1958 एवं तद्धीन बनाये गये नियम/परिनियम/अध्यादेश।
10–श्रमिक प्रतिकर निधि के लेखे	वर्कमैन कम्पनशेसन ऐक्ट, 1923
11–काजी हाउस के लेखे	कैटिल ट्रेसपास ऐक्ट, 1871
12–मन्दिर समिति	श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति अधिनियम, 1931
13–स्थानीय निकायों के ऋण सम्बन्धी लेखे	लोकल एथारिटीज लोन्स ऐक्ट 1914
14–विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण	विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1986
15–ट्रस्ट लेखे	चैरिटेबुल इण्डाउमेन्ट्स ऐक्ट, 1890

वित्तीय नियमावलियॉ

1– वित्त हस्त पुस्तिका खण्ड–दो, भाग 2 से 4

2– वित्त हस्त पुस्तिका खण्ड–3, 5 एवं 6

3– बजट मैनुअल

4– सामान्य भविष्य निधि नियमावली, 1985

5– मैनुअल आफ गवर्नमेन्ट आर्डर्स –

अन्य लेखा नियमावलियॉ

1– म्युनिसीपल मैनुअल भाग–एक (संस्करण 1951)

2– नगर पालिका लेखा संहिता

3– उ0 प्र0 कृषि उत्पादन नियमावली, 1965

4– उ0प्र0 अकेन्द्रियित सेवानिवृत्ति लाभ विनियमावली, 1984

5– जिला परिषद सेवानिवृत्ति लाभ नियमावली, 1972

6– बाइलाज (उपविधियॉ, रेगुलेशन्स)

7– अन्य नियमावलियॉ एवं अधिनियम जैसा कि अन्य संस्थाओं में लागू हैं।

परिशिष्ट – "ग"

(प्रस्तर–5.3 में सन्दर्भित)

शासनादेश संख्या आडिट–1892/दस–78–355(10) दिनांक 21 जून,1978 द्वारा सम्प्रेक्षेय लेखाओं पर आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की दरें :–

(क) सम्वर्ती सम्परीक्षा शुल्क की दर :–

(1) रू0 65000=00से अनधिक आय पर	05 प्रति शत
(2) रू0 65000=00 से अधिक परन्तु एक लाख से अनधिक आय पर	रू0 2500=00
(3) रू0 एक लाख से अधिक आय पर प्रत्येक रू0 10000=00 या उसके अंश पर	रू0 100=00
(4) न्यूनतम सम्परीक्षा शुल्क	रू0 500=00

(ख) उप सम्परीक्षा शुल्क की दर :–

(1) रू0 65000=00 से अनधिक आय पर	01 प्रतिशत
(2) रू0 65000=00 से अधिक परन्तु एक लाख से अनधिक आय पर	रू0 800=00
(3) रू0 एक लाख से अधिक आय पर प्रत्येक रू0 10000=00या उसके अंश पर	रू0 30=00
(4) न्यूनतम सम्परीक्षा शुल्क	रू0 75=00

(ग) विविध लेखाओं हेतु निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दर :–

(1) कुल आय पर	0.75 प्रतिशत
(2) न्यूनतम सम्परीक्षा शुल्क	रू0 75=00

(घ) विश्वविद्यालय की उप सम्परीक्षा हेतु निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दर :

(1) रू0 65000=00से अनधिक आय पर	01 प्रतिशत
(2) रू0 65000=00से अधिक परन्तु एक लाख से अनधिक आय पर	रू0 800=00
(3) रू0 एक लाख से अधिक आय पर प्रत्येक रू0 10000=00या उसके अंश पर	रू0 30=00
(4) न्यूनतम सम्परीक्षा शुल्क	रू0 500=00

(च) शत–प्रतिशत सम्परीक्षा शुल्क की दर :–

शत–प्रतिशत सम्परीक्षा शुल्क की दरें वही हैं जो सम्वर्ती सम्परीक्षा हे निर्धारित हैं।

(छ) विशेष सम्परीक्षा शुल्क की दर :–

एतदर्थ कोई दर निर्धारित नहीं है सम्परीक्षा में संलग्न कर्मचारियों के वेत भत्ते एवं लेखन सामग्री आदि का वास्तविक व्यय संस्था से वसूल किया जाता है।

परिशिष्ट– "घ"

(प्रस्तर–7.1 में सन्दर्भित)

क्र0सं0	जनपद का नाम जहाँ जिला सम्परीक्षा कार्यालय स्थापित है।
1	देहरादून
2	हरिद्वार
3	नई टिहरी
4	पौड़ी (गढ़वाल)
5	चमोली
6	उधमसिंह नगर
7	नैनीताल
8	अल्मोड़ा
9	पिथौरागढ़

परिशिष्ट– "घ–1"

(प्रस्तर–7.1 में सन्दर्भित)

सम्वर्ती सम्परीक्षा कार्यालय :–

(1) सहायक निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षां, गोबिन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सामान्य लेखा) पन्तनगर।

(2) सहायक निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, गोबिन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (फार्म लेखा) पन्तनगर ।

(3) सहायक निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा,हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय श्रीनगर (गढ़वाल)।

(4) लेखा परीक्षा अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उत्तरांचल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उधमसिंह नगर ।

राज्य स्तरीय कार्यालय :–

(1) लेखा परीक्षा अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, वन विकास निगम नरेन्द्र नगर।

परिशिष्ट–"च"

(प्रस्तर–10.1(1) (ख) में सन्दर्भित)

उत्तरॉचल राज्य में 31 मार्च, 2005 को अवशेष आपत्तियों का विवरणः–

(1) शहरी स्थानीय निकाय	26,791
(2) शिक्षण संस्थायें	25,089
(3) राज्य विश्वविद्यालय	4,355
(4) कृषि विश्वविद्यालय	6,129
(5) मण्डी परिषद एवं मण्डी समितियॉ	1,267
(6) विविध संस्थायें	9,360
योग	**72,991**

लेखेवार अनिस्तारित आपत्तियों का विवरण (दिनॉक 31 मार्च, 2005):–

क0 सं0	लेखे की श्रेणी	अनिस्तारित आपत्तियों की संख्या
1	नगर पंचायत	4317
2	शिक्षण संस्थायें	15313
3	कृषि उत्पादन मण्डी समितियॉ	1208
4	उत्तरॉचल राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद	59
5	क्षेत्र समितियॉ	2238
6	चैकित्सिक संस्थायें	552
7	ट्रस्ट लेखे	200
8	विविध लेखे	5341
9	नगर पालिका परिषदें	15472
10	बेसिक शिक्षा समितियॉ	5007
11	महाविद्यालय	3932
12	विकास प्राधिकरण	1287
13	मन्दिर समितियॉ	220
14	म्यूनिसिपल फारेस्ट	278
15	नगर निगम	5715
16	जिला नगरीय विकास अभिकरण	531
17	पालिटेक्निक संस्थायें	245
18	इन्जीनियरिंग कालेज	592
19	विश्वविद्यालय (क) कुमाऊ विश्वविद्यालय (ख) गढ़वाल विश्वविद्यालय	 1442 2913
20	कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय (क) सामान्य लेखा (ख) फार्म लेखा	 1999 4130
योग		**72991**

परिशिष्ट - क

(प्रतिवेदन खण्ड के पृष्ठ 12 में संदर्भित)

नगर पालिका परिषदें

क्र0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	अपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिप्राप्त सामग्री अभिलेखित स्टाक	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितताएं	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	व्यर्थ व्यय	दुर्विनियोग के प्रकरण	अननुमोदित / विविध अनियमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	नगर पालिका परिषद, गोपेश्वर	200[illegible]–03	1000=00	–	–	–	[illegible]300=00	–	–	–	–
2	नगर पालिका परिषद, ऋषिकेश	2003–04	–	7645=00	–	124752=00	342459=00	–	–	–	–
3	नगर पालिका परिषद, विकासनगर	2003–04	–	4300=00	–	–	13600=00	–	–	–	–
4	नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर	2003–04	–	[illegible]44=00	–	–	–	–	–	–	–
5	नगर पालिका परिषद, मसूरी	2003–04	–	[illegible]192=00	–	–	–	[illegible]600=00	–	–	–
6	नगर पालिका परिषद, उत्तरकाशी	2003–04	–	[illegible]485[illegible]=00	–	[illegible]105300=00	–	–	–	–	–
7	नगर पालिका परिषद, टिहरी	2003–04	–	—	–	286924=00	212249=00	–	–	–	–
8	नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा	2003–04	–	8611=00	–	–	–	–	–	–	–
9	नगर पालिका परिषद, किच्छा	2001–02से 2003–04	–	1025904=00	–	–	235033=00	360190=00	–	–	9869101=00
10	नगर पालिका परिषद, बाजपुर	2001–02 से 2002–03	–	58670=00	–	1633371=00	—	137600=00	–	–	622059=00
11	नगर पालिका परिषद, पिथौरागढ़	2002–03	272=00	312975=00	–	–	7248=00	3225=00	–	–	–
12	नगर पालिका परिषद, टनकपुर	2002–03से 2003–04	–	–	–	415520=00	158805=00	–	–	–	–
13	नगर पालिका परिषद, गदरपुर	2001–02से 2003–04	–	37005=00	1452132=00	–	–	–	–	–	–
14	नगर पालिका परिषद, रामनगर	2003–04	–	153359=00	–	715985=00	58625=00	–	–	–	–
15	नगर पालिका परिषद, सितारगंज	2000–01से 2003–04	–	66665=00	–	2266684=00	1432509=00	–	–	–	–
16	नगर पालिका परिषद, जसपुर	2003–04	–	10800=00	–	1177071=00	17310=00	–	–	–	239629=00
17	नगर पालिका परिषद, बागेश्वर	2002–03	–	–	–	–	3289=00	–	–	–	–
18	नगर पालिका परिषद, पौड़ी	2003–04	–	8000=00	–	–	3439=00	–	–	–	–
19	नगर पालिका परिषद, नैनीताल	2003–04	–	383759=00	4782=00	–	210828=00	–	–	–	–
20	नगर पालिका परिषद, हल्द्वानी	2003–04	300=00	–	–	–	1324840=00	–	–	5200=00	–
21	नगर पालिका परिषद, खटीमा	1998–99से 2002–03	–	124953=00	–	–	401650=00	143350=00	–	–	–
22	नगर पालिका परिषद, भवाली	2001–02से 2002–03	–	–	177639=00	–	1192673=00	–	–	–	–
23	नगर पालिका परिषद, दुगड्डा	2003–04	–	40496=00	–	–	27048=00	–	–	–	–
24	नगर पालिका परिषद, कोटद्वार	2002–03	–	9890=00	–	–	–	–	–	–	–
	योग		1572=00	2492119=00	1634553=00	6725687=00	5715315=00	686965=00	–	5200=00	10730789=00

नगर पंचायतें

परिशिष्ट – छः का भाग

क्र0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितताएं	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अननुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	नगर पंचायत, कर्ण प्रयाग	2002–03	–	–	–	–	1150=00	–	–	–	–
2–	नगर पंचायत, डोईवाला	2003–04	–	6650=00	–	–	–	–	–	–	–
3–	नगर पंचायत, हर्बटपुर	2003–04	–	15420=00	–	–	–	–	–	–	–
4–	नगर पंचायत, चम्बा	2003–04	–	63532=00	–	–	–	14600=00	–	–	–
5–	नगर पंचायत, मुनि की रेती	2003–04	–	–	–	–	171994=00	–	–	–	–
6–	नगर पंचायत, देवप्रयाग	2003–04	–	2467=00	–	52915=00	–	34854=00	–	–	–
7–	नगर पंचायत, बड़कोट	2003–04	–	–	135000=00	–	11000=00	–	–	–	–
8–	नगर पंचायत, लण्डौरा	2003–04	–	3000=00	–	–	–	–	–	–	–
9–	नगर पंचायत, झबरेड़ा	2003–04	–	12400=00	–	–	–	28160=00	–	–	–
10–	नगर पंचायत, ह्वाराहाट	2003–04	–	–	–	–	8484=00	–	–	–	–
11–	नगर पंचायत, भीमताल	2003–04	4585=00	1400=00	–	–	–	45821=00	–	–	–
12–	नगर पंचायत, महुआ डावरा	2003–04	24160=00	2500=00	–	–	–	6168=00	–	–	–
13–	नगर पंचायत, चम्पावत	2003–04	–	5255=00	–	–	7800=00	–	–	–	–
14–	नगर पंचायत, केलाखेड़ा	2003–04	–	22443=00	59956=00	–	–	–	–	–	–
15–	नगर पंचायत, कालाढुगी	2002–03 एवं 2003–04	–	19891=00	–	–	317692=00	101490=00	–	–	–
16–	नगर पंचायत, दिनेशपुर	2003–04	600=00	–	–	–	–	–	–	–	–
17–	नगर पंचायत, सुल्तानपुर पट्टी	2003–04	–	1535=00	–	–	–	–	–	–	–
18–	नगर पंचायत, शक्तिगढ़	2003–04	–	75423=00	–	–	70000=00	–	–	–	–
19–	नगर पंचायत, महुआ खेड़ा गंज	2003–04	–	13970=00	–	–	5325=00	–	–	–	–
20–	नगर पंचायत, लालकुँआ	2003–04	–	4732=00	–	–	423917=00	2128=00	–	–	–
	योग		29345=00	250618=00	194956=00	52915=00	1017362=00	233221=00	–	–	–

कृषि उत्पादन मण्डी समिति

परिशिष्ट – छः का भाग

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित / विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	कृषि उ0म0समिति, देहरादून	2003–04	—	4888=00	—	—	—	361180=00	—	—	—
2–	कृषि उ0म0समिति, रूड़की	2003–04	—	—	—	—	2750=00	—	—	—	—
3–	कृषि उ0म0समिति, मंगलौर	2003–04	—	—	—	—	145980=00	—	—	—	—
4–	कृषि उ0म0समिति, रामनगर	2002–03एवं 2003–04	—	2025=00	—	—	47812=00	—	—	—	—
5–	कृषि उ0म0समिति, टनकपुर	2001–02से 2003–04	—	—	—	— —	202817=00	—	—	— —	— —
6–	कृषि उ0म0समिति, किच्छा	2003–04	—	2604=00	—	—	3006=00	4470=00	—	—	—
7–	कृषि उ0म0समिति, काशीपुर	2003–04	—	597024=00	—	—	—	—	—	—	—
8–	कृषि उ0म0समिति, रूद्रपुर	2003–04	—	60990=00	—	—	114169=00	—	—	—	—
9–	कृषि उ0म0समिति, सितारगंज	2000–01से 2003–04	—	—	—	—	3050=00	—	—	—	—
10–	कृषि उ0म0समिति, बाजपुर	2003–04	—	5980=00	—	—	101724=00	1264=00		—	—
	योग	—	—	673511=00	—	—	621308=00	366914=00	—	—	—

इण्टर कालेज / शिक्षण संस्थायें

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित / विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	शिक्षा निकेतन जू0हा0 स्कूल मुनि की रेती	2002–03 2003–04	—	42890=00	—	—	—	—	0		
2–	लाल बहादुर शास्त्री जू0हा0 स्कूल, ढालवाला	2002–03 एवं 2003–04	—	37686=00	—	—	—	—	—	—	—
3–	जय किसान इण्टर कालेज रौड़धार	2003–04	—	2100=00	—	—	—	—	—	—	—
4–	डा0 हरिराम आर्य इण्टर कालेज मायापुर	2002–03 एवं 2003–04	—	2200=00	—	—	—	—	—	—	—
5–	आर0एम0पी0 इण्टर कालेज गुरूकुल नारसन	2002–03 एवं 2003–04	—	1530=00	—	—	—	—	—	—	—
	योग	—	—	86406=00	—	—	—	—	—	—	—

राष्ट्रीय सेवा योजना

परिशिष्ट – छः का भाग

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्व विद्यालय श्रीनगर (गढ़वाल)	2003–04		3100=00							
1–	गोविन्द बल्लभ पन्त कृ0 एवं प्रौ0 वि0वि0 पन्तनगर (कुमाऊँ)	2003–04		20041=00							
	योग	—	—	23,141=00	—	—					

विकास प्राधिकरण

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	दूनघाटी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण देहरादून	2003–04	—	16260=00	—	—	—	—	—	—	
	योग	—	—	16260=00	—	—	—	—	—	—	

बेसिक शिक्षा समितियाँ

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	बेसिक शिक्षा समिति टिहरी	2002–03 एवं 2003–04	—	—	311895=00	—	—	—	—	—	—
2–	बेसिक शिक्षा समिति पौड़ी	2001–02 से 2003–04	—	—	106085=00	—	13600=00	—	—	—	—
	योग	—	—	—	417980=00	—	13600=00	—	—	—	—

कृषि उत्पादन मण्डी परिषद

परिशिष्ट – छः का भाग

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी परिषद हल्द्वानी	2003–04	—	5152656=00	—	—	278467=00	—	—	—	
	योग	—	—	5152656=00	—	—	278467=00	—	—	—	

इंजीनियरिंग कालेज

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	जी0बी0 पन्त इंजीनियरिंग कालेज घुड़दौडी	2001–02एवं 2002–03	—	—	—	—	2267035=00	—	—	—	
	योग	—	—	—	—	—	2267035=00	—	—	—	

ग्राम वन समितियाँ

क0 सं0	लेखे का नाम	अवधि	व्यपहरण	अधिक अनियमित भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितायें	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	दुर्विनियोग के प्रकरण	अनानुमोदित/ विविध अनिमितताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	ग्राम वन समिति, गणाई	2000–01 से 2002–03	—	31171=00	—	—	4833=00	—	—	—	—
2–	ग्राम वन समिति, तल्ला मैसौली	2000–01 से 2002–03	—	715=00	—	—	—	—	—	—	—
3–	ग्राम वन समिति, वरला काण्डे	1998–99 से 2002–03	—	1400=00	—	—	—	—	—	—	—
4–	ग्राम वन समिति, बडावे	2000–01 से 2001–02	—	—	—	—	5480=00	—	—	—	—
5–	ग्राम वन समिति, खोली कन्तूरी	1999–2000से 2002–03	—	1327=00	—	—	—	—	—	—	—
6–	ग्राम वन समिति, उडियारी	2000–01 से 2002–03	—	4000=00	—	—	—	—	—	—	—
	योग	—	—	38613=00	—	—	10313=00	—	—	—	—

सारांश

परिशिष्ठ – छः का भाग

क्र0 सं0	लेखे का नाम	व्यपहरण	अनियमित अधिक व्यय भुगतान	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमित व्यय	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमितताऐं	आर्थिक क्षति	राजस्व क्षति	अस्थायी अग्रिम	अनानुमोदित / विविध अनिमितताएं	दुर्विनियोग के प्रकरण	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1–	नगर पालिका परिषदे	1572=00	2492119=00	1634553=00	6725687=00	5715315=00	686965=00	–	10730789=00	5200=00	27992200=00
2–	नगर पंचायतें	29345=00	250618=00	194956=00	52915=00	1017362=00	233221=00	–	–	–	1778417=00
3–	कृ0उ0 मण्डी समितियॉ	–	673511=00	–	–	621308=00	366914=00	–	–	–	1661733=00
4–	उत्तरांचल कृ0उ0म0परिषद	–	5152656=38	–	–	278467=00	–	–	–	–	5431123=00
5–	बेसिक शिक्षा समितियाँ	–	417980=00	–	–	13600=00	–	–	–	–	431580=00
6–	राष्ट्रीय सेवा योजना	–	23141=00	–	–	–	–	–	–	–	23141=00
7–	विकास प्राधिकरण	–	16260=00	–	–	–	–	–	–	–	16260=00
8–	इन्जीनियरिंग कालेज	–	–	–	–	2267035=00	–	–	–	–	2267035=00
9–	इण्टर कालेज / शिक्षण संस्थायें	–	86406=00	–	–	–	–	–	–	–	86406=00
10–	ग्राम वन समितियाँ	–	38613=00	–	–	10313=00	–	–	–	–	48926=00
	योग	30917=00	9151304=00	1829509=00	6778602=00	9923400=00	1287100=00	––	10730789=00	5200=00	39736821=00

उत्तरांचल शासन

वार्षिक लेखा–परीक्षा प्रतिवेदन

भाग–2

(सहकारी समितियां एवं पंचायतें)

वर्ष

2004–2005

प्रतिवेदकः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल, देहरादून।

1— प्रशासनिक खण्ड

उत्तरांचल सहकारिता अधिनियम 2003 की धारा 64 एवं उ0 प्र0 पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 40 के अधीन सहकारी एवं पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा इस विभाग के सहकारी समितियां एवं पंचायते लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्पादित की जा रही है। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा 8 (3) के अधीन वर्ष 2003–2004 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान सभा के पटल पर जा चुका हैं।

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखे जाने के उपरान्त शासन के प्रशासकीय विभागों यथा प्रमुख सचिव एंव आयुक्त वन एंव ग्राम्य विकास, सचिव, सहकारिता उत्तरांचल शासन, निबंधक, सहकारी समितियां, निदेशक, पंचायती राज विभाग, दुग्ध आयुक्त, उत्तरांचल, को अनुपालन कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु ,प्रतिवेदन की प्रति भेजी गयी परन्तु सहकारी एंव दुग्ध संस्थाओं यथा जिला सहकारी बैकों, केन्द्रीय/थोक उपभोक्ता भण्डारों, सहकारी चीनी मिलों, दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों व क्षेत्र पंचायतों आदि संस्थाओं द्वारा आपत्तियों के अनुपालन में पर्याप्त रूचि नही ली गई। फलस्वरूप उक्त संस्थाओं पर बड़ी संख्या में आपत्तियां लम्बित है। अतः भविष्य के लिए एक ऐसी तकनीक विकसित की जानी अपेक्षित है कि सम्प्रेक्षाधीन संस्थायें, आडिट आपत्तियों के अनुपालन की दिशा में प्रयासरत रहें ताकि सहकारी संस्थाओं में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित हो सके। इस प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2004–05 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान सभा के पटल पर रखने हेतु प्रस्तुत है।

2— विभागीय प्राधिकार के स्रोत :–

2.1 उत्तरांचल सहकारिता अधिनियम 2003 की धारा 64 तथा उत्तरांचल सहकारी समिति नियमावली 2004 के नियम संख्या 223 से 242 के अन्तर्गत सहकारी संस्थाओं की लेखा परीक्षा प्रत्येक सहकारी वर्ष में एक बार कराये जाने का प्राविधान है। इसी प्रकार उ0प्र0 पंचायतराज अधिनियम 1947 की धारा 40 तथा पंचायतराज नियमावली 1956 के नियम 186, 187 व 188 में ग्राम सभा, न्याय पंचायतों की लेखा परीक्षा कराने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 जिला परिषद तथा क्षेत्र समिति (बजट तथा सामान्य लेखा) (संशोधन) नियमावली 1999 के नियम 2 के अनुसार जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत की लेखा परीक्षा सहकारी समितियां एवं पंचायते प्रभाग द्वारा सम्पन्न कराये जाने की व्यवस्था है। सहकारी एवं पंचायती राज संस्थाओं की लेखा–परीक्षा अधिनियमों, नियमावलियों सहकारिता विभाग पंचायत राज विभाग तथा नाबार्ड द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों के आधार पर की जाती है।

3– सम्परीक्षाधीन लेखे —

3.1 वर्ष 2004–05 में सम्परीक्षाधीन सहकारी संस्थाओं के लेखों की संख्या 2740 और पंचायतराज संस्थाओं की संख्य 7359 थी। संस्थाओं के विवरण संलग्न परिशिष्ट "क" भाग "एक" में दिये गये हैं।

3.2 सम्परीक्षाधीन सहकारी एवं पंचायत संस्थाओं के संगत अधिनियमों आदि जिनके आधार पर सम्परीक्षा की गयी है, क सूची *परिशिष्ट 'ख'* में दी गयी है।

4– सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य —

4.1 – राज्य की सहकारी संस्थाओं के वार्षिक सन्तुलन पत्रों की जांच एवं प्रमाणीकरण के साथ–साथ लेखा परीक्षा इस दृष्टिकोण से भी की जाती है कि संस्था अपने उद्देश्यों की पूर्ति में कितनी सफल रही है और संस्था का सामान्य प्रशासन अधिनियम, नियमावली, उपविधियों एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी राजाज्ञाओं तथा परिपत्रों के अनुसार संचालित किया जा रहा है। संस्थाओं की आर्थिक स्थिति एवं सामान्य प्रशासन की स्थिति के अनुसार भारतीय रिजर्व बैक/नाबार्ड/निबन्धक,सहकारी समितियॉ द्वारा निर्धारित अंक पद्यति के अनुसार संस्थाओं का वर्गीकरण किया जाता है।

इसी प्रकार पंचायत राज संस्थाओं को दिये गये वित्तीय अनुदान आदि का उपभोग शासन द्वारा जारी निर्देशों/मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुरूप किये जाते हैं और इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नहीं, की समीक्षा भी लेखा परीक्षा में की जाती है। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वित्तीय अनुशासन से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरूत्तर दायित्व भी हो जाता है।

4.2–सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग के कार्यकलाप::

- 1– सम्परीक्षाधीन सहकारी संस्थाओं, उद्योग संस्थाओं, दुग्ध संस्थाओं, आवास संस्थाओं, मत्स्य संस्थाओं, गन्ना संस्थाओं व पंचायत संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य संस्थाओं के विविध लेखाओं की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं एवं शासन को सूचित करना।

- 2–उपर्युक्त संस्थाओं का वित्तीय मार्ग दर्शन करना।
- 3– उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।
- 4– सम्परीक्षा के उपरान्त यथा आवश्यक अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित उपभोग प्रमाण पत्र निर्गत करना।
- 5– सम्परीक्षित संस्थाओं (पंचायत संस्थाओं के अतिरिक्त) के वार्षिक आय–व्यय, रोकड़पत्र एवं लाभ–हांनि खाता का प्रमाणीकरण एवं सन्तुलन पत्र के अपवादों को लेखांकित करना।
- 6– भारतीय रिजर्व बैंक/ नाबार्ड द्वारा जारी मापदण्डों के अनुरूप सहकारी संस्थाओं का उनके कार्य परिणाम के आधार पर वर्गीकृत करना।

- 7– सहकारी संस्थाओं की बकाया धनराशि को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप एन0पी0ए0 का निर्धारण करना।
- 8– विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।
- 9– सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिए उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।
- 10– सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग के लेखा कर्मियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना।
- 11– विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठियॉ आयोजित करना।
- 12– सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।
- 13– सम्परीक्षाधीन सहकारी एवं पंचायत प्राधिकारियों के अधिनियम, नियमावली एवं उपविधियों के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।
- 14–उपर्युक्त सहकारी सवं पंचायत संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।
- 15– शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यो पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।

5 – प्रभागीय आय–व्ययक :–

5.1 यद्यपि सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सहकारी एवं पंचायतराज संस्थाओं आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के अधीन है और इस प्रभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सरकारी सेवक हैं। इस बात का उल्लेख यहॉ विशेषतया इस प्रयोजन से किया जा रहा है कि सम्परीक्षाधीन संस्थाओं द्वारा कभी–कभी इस प्रकार की शंकाऐ व्यक्त की जाती है कि सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग भी सहकारी संस्थाओं की तरह अशासकीय तो नही है।

5.2 – इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियाँ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक बजट से, राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धनराशि प्राप्त होती है।

5.3 – लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा समाप्ति के उपरान्त सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाता है जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है। वर्तमान में पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें (परिशिष्ट 'ग') उत्तरांचल राज्य में भी लागू है।

6 – विभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :– वित्तीय वर्ष 2004–05 में विभागीय व्यय एवं इस वर्ष में अवधारित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है:–

क0सं0	*वित्तीय वर्ष*	*व्यय(रूपये)*	*आरोपित सम्प0शुल्क(रू0)*
1–	2004–2005	2,16,85,558.00	67,16,400.00

6.2 सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नही की जा सकती है।

7.1– विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था :– उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के शा0 सं0 5058/वि0शा0स0/2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा सम्परीक्षा का कार्य निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह–स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के नियंन्त्रणाधीन एक प्रभाग के रूप में कार्यरत है जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यतः द्वि–स्तरीय है :–

(1) मुख्यालय स्तरीय।

(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची ***परिशिष्ट "घ"*** में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त संवर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है।

7.2–1– मुख्यालय स्तर :– सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है जो निदेशालय, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिट नाम से जाना जाता है। सम्प्रति विभागाध्यक्ष श्री यशपाल सिंह, निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल हैं।

7.2–2– मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रूप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर–8 में दिया गया है। जनपदों की प्रमुख संस्थाओं जैसे जिला सहकारी बैंक, जिला सहकारी दुग्ध संघ, जिला सहकारी संघ, केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार, सहकारी चीनी मिलें आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, सन्तुलन पत्रों का प्रमाणीकरण लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों का निर्गमन मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

7.3 – जनपद स्तरीय :– लेखा परीक्षाधीन ईकाइयॉ राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित हैं। सभी जनपदों में सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा के जनपदीय कार्यालय हैं जिनमें कार्यालयाध्यक्ष जिला लेखा परीक्षा अधिकारी हैं। लेखा परीक्षक सभी जनपदों में नियुक्त किये गये हैं जो सम्बन्धित जनपद में संस्थाओं की लेखा परीक्षा सम्पन्न करते हैं।

8– प्रभाग की जनशक्ति :– वर्ष 2004–05 के अन्त में प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है।

क्रम0 सं0	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत सं0	रिक्तपद संख्या	प्रतिशत
1–	समूह''क''	03	01+1	01	67
2–	समूह''ख''	18	10	08	56
3–	समूह ''ग''				
	ज्ये0 ले0 परीक्षक ग्रेड–1	08}	02}	06}	
	ज्येष्ठ लेखा परीक्षक	243} 320	81} 87	162} 233	27
	लेखा परीक्षक	69}	04}	65}	
	लिपिक वर्गीय	56	29	27	52
4–	समूह ''घ''	39	15	24	38
	योग	436	143	293	

9– सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2004–05 में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य:– वर्ष 2004–2005 में दो तिहाई पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन 10099 लेखाओं में से 3835 लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण करायी गयी । 27 प्रतिशत स्टाफ से 37.97 प्रतिशत आडिट कार्य सम्पन्न किया गया। सभी राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संस्थाओं एवं केन्द्रीय सहकारी बैंको, जिला सहकारी दुग्ध संघो की लेखा परीक्षा प्राथमिकता के आधार पर की गयी है। इस प्रकार शेष 62.03 प्रतिशत अर्थात 6264 लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित नही करायी जा सकी।

10.1.1 – ***सम्परीक्षा में उद्घाटित अनियमिततायें :–***

(क) सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2004–2005 तक में सम्परीक्षित लेखाओं में उद्घाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रू0 ***3,11,53,321.00*** की धनराशि अन्तर्निहित थी जिसका संस्थावार/शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है :–

क्रमांक	***शीर्षक***	***धनराशि***
1–	व्यपहरण	19,40,441.00
2–	अनियमित/अधिक भुगतान	46,82,113.00
3–	राजस्व हानि	25,692.00
4–	आर्थिक क्षति	62,98,449.00
5–	विविध अनियमितताये	1,82,06,626.00
	योग	***3,11,53,321.00***

10.1.2 — विशेष सम्परीक्षाऐं :– प्रभाग के लेखा परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति/ गम्भीर अनियमितता से सम्बन्धित प्रकरणो की विशेष जांच संस्था के अनुरोध पर

शासन की स्वीकृति से अथवा प्रत्यक्ष शासनादेश से सम्पादित की जाती है। वर्ष 2004–2005 में काष्ठ एवं लौह कला औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति लि0 नथुवावाला, देहरादून की विशेष लेखा परीक्षा करायी गयी ।

10.2.1 —सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति :– वर्ष 2004–2005 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :–

	(रूपयों में)
01 अप्रैल, 2004 को प्रारम्भिक शेष	22,58,052.00
वर्ष में स्थापित मांग	67,16,400.00
योग	*89,74,452.00*
वर्ष में समाहरण	62,25,424.00
31 मार्च, 2005 को बकाया	**27,49,028.00**

10.2.2— वर्ष 2004–05 में अवधारित लेखा परीक्षा शुल्क रू0 67,16,400.00 में से दिनांक 31.3.2005 तक रू0 57,17,271.00 सहकारी एवं पंचायत संस्थाओं से राजकीय कोषागार में जमा कराया जा चुका है जो वर्ष में स्थापित मांग का 85 प्रतिशत है। विगत वर्षो के बकाया लेखा परीक्षा शुल्क में रू0 22,58,052.00 में से रू0 5,08,153.00 सहकारी एवं पंचायत संस्थाओं का जमा किया जा चुका है।

11– **निष्कर्ष :–** प्रतिवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट "क" से स्पष्ट है कि इस प्रभाग को वर्ष 2004–2005 में 2740 सहकारी संस्थाओं एवं 7359 पंचायतराज संस्थाओं की लेखा परीक्षा करनी थी। जनशक्ति की कमी के कारण बैकिंग रेगुलेशन ऐक्ट व आयकर की परिधि में आने वाली संस्थाओं को वरीयता देते हुए अधिकांश संस्थाओं की (1102 सहकारिता एवं 2733 पंचायत) लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं की सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित रूपये 3,11,53,321.00 की वित्तीय अनियमितताऐं प्रकाश में आयीं जिनमें व्यपहरण, दुर्निवियोग,अधिक एवं अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति आदि के प्रकरण समाविष्ट हैं।

(यशपाल सिंह)
निदेशक।

2– कार्यकारी खण्ड

सहकारी एवं पंचायत लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तरांचल

(वर्ष 2004–2005)

वर्ष 2004–05 में जिन संस्थाओं की सम्परीक्षा सम्पादित की गयी, उनमें उद्घाटित वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण अनुवर्ती पृष्ठों तथा सम्बन्धित संस्थाओं के खण्ड में दिये जा रहे हैं।

सहकारी एवं पंचायत संस्थाओं का श्रेणीवार विवरण निम्न प्रकार हैं :–

क्र0सं0	लेखे की श्रेणी	अनियमितता में अन्तर्निहित धनराशि
1–	जिला सहकारी बैंक लि0	79,40,641.00
2–	अरबन कोआपरेटिव बैंक लि0	16,87,544.00
3–	जिला भेषज एंव सहकारी विकास संघ लि0	1,71,057.00
4–	केन्द्रीय/थोक उपभोक्ता भण्डार	73,679.00
5–	किसान सेवा/दीर्घा0/साधन समितियॉ	51,92,734.00
6–	गन्ना सहकारी समितियॉ	5,06,516.00
7–	दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0/समितियां	81,91,763.00
8–	मत्स्य जीवी सहकारी समितियां	6196,322.00
9–	ग्राम पंचायते	11,93,012.00
	योग	**3,11,53,321.00**

विस्तृत विवरण परिशिष्ट ड. में दिया गया है।

वर्ष 2004–2005 में सम्पन्न विशेष सम्परीक्षाऐं

:: जिला सहकारी बैंक ::

जिला सहकारी बैंक लि0,हरिद्वार (रूड़की) जनपद–हरिद्वार (वर्ष 2003–04)

अनियमित भुगतान :–

1 –बोनस भुगतान अधिनियम 1965 की धारा 12 के प्रतिकूल कर्मचारियों को रू0 1,95,438.00 बोनस का अनियमित भुगतान किया गया था ।

भाग (अ) प्रस्तर– 2

2– निबन्धक सहकारी समितियां,उत्तरांचल के परिपत्र सी–1275/अधि0/01–02 दिनांक 20/22–02–2002 के निर्देशों के विरूद्ध रू0 6,85,959.00 क्लोजिंग भत्ते का कर्मचारियों को अनियमित भुगतान किया गया था ।

भाग (अ) प्रस्तर– 3

3– निबन्धक द्वारा एक्सग्रेसिया का बोनस के साथ भुगतान न करने के आदेशों के विरूद्ध बिना मानक एवं सीमा के रू0 5,81,294.00 का अनियमित भुगतान किया गया था ।

भाग(अ) प्रस्तर–356

4–कर्मचारियों की भविष्य निधि पर सामान्य दर से 3.40 प्रतिशत अधिक ब्याज दर पर रू0 4,31,531.00 का अनियमित भुगतान किया गया था ।

भाग(अ) प्रस्तर– 4

5–कर्मचारियों की जमानत पर दिनांक 1–4–2003 से 30–9–2003 तक 3.50 प्रतिशत के स्थान पर 11 प्रतिशत की दर से रू0 8,220.00 का अनियमित भुगतान किया गया था ।

भाग (अ) प्रस्तर– 19

राजस्व हॉनि :–

6–विविध व्यय रू0 35,500.00 पर 5 प्रतिशत की दर से टी0डी0एस0 न काटने से रू0 1,675.00 राजस्व की हॉनि हुई।

भाग(ब) प्रस्तर– 307

विविध अनियमिततायें :–

7– दिनांक 31–3–2004 को अर्जित शेष अवकाश के नकदीकरण की देय धनराशि रू0 20,36,542.00 का प्राविधान लाभ–हॉनि खाते में न किया जाना अनियमित था।

भाग(ब) प्रस्तर– 5

8– नाबार्ड के परिपत्र सं0 193 डी0ओ0एस0–21 दिनांक 17–8–2002 के अनुरूप अस्तियों के वर्गीकरण के लिए रू0 19,52,000.00 में से रू0 1,90,000.00 का यथेष्ट प्राविधान न किया जाना अनियमित था ।

भाग (ब) प्रस्तर–359

9– बैंक विनियम अधिनियम 1949 की धारा 19 के अनुसार अंशधन में रू0 18,39,000.00 विनियोजन नही किया गया।

भाग (ब) प्रस्तर–13

10– बैंक ब्याज वरीयता क्रम में वसूल न करने से रू0 21,290.00 ब्याज की हॉनि हुई थी ।

भाग (ब) प्रस्तर–96

जिला सहकारी बैंक लि0,देहरादून, जिला–देहरादून (वर्ष 2002–2003)

अनियमित/अधिक भुगतान :–

1– निबन्धक के परिपत्रांक 1275 /अधि0/2001–02 दिनांक 20/22–3–2002 के प्राविधानों के विपरीत वेतनमानों के अधिकतम सीमा से अधिक वेतन निर्धारण कर कर्मचारियों को रू0 6,61,680.00 का अधिक भुगतान किया गया।

भाग (अ) प्रस्तर–1

2– कर्मचारियों को बोनस की सीमा रू0 2,500.00 मासिक वेतन के आधार पर रू0 3,500.00 को आधार मानकर रू0 98,343.00 बोनस का अधिक भुगतान किया गया।

भाग (अ) प्रस्तर–2

3– निबन्धक उत्तर प्रदेश लखनऊ के परिपत्रांक सी–9 /अधि0/ दिनांक 10–5–95 के प्राविधानों के विपरीत बैंक कर्मचारियों को रू0 10,58,507.00 एक माह के वेतन के बराबर वार्षिक लेखा बन्दी भत्ते का भुगतान किया जाना अनियमित था।

भाग– (अ) प्रस्तर–3

4– कैडर सेवा के अधिकारियों को बोनस तथा वार्षिक लेखा बन्दी भत्ते का रू0 80,857.00 का अनियमित भुगतान किया गया था ।

भाग (अ) प्रस्तर–4

अरबन कोआपरेटिव बैंक

उत्तराखण्ड कोआपरेटिव बैंक लि0 ऋषिकेश जिला देहरादून (वर्ष 99–2000 से 2000, 2000–2001 तक)

व्यपहरण :–

1– सदस्यों से प्राप्त अंशधन में से रू0 23,700.00 को खातों में लेखाकिंत न कर व्यपहरण किया गया।

भाग (अ) प्रस्तर–1

आर्थिक क्षति :–

